जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय

34वाँ
वार्षिक प्रतिवेदन

(1 अप्रैल 2003 से 31 मार्च 2004 तक)

नई दिल्ली–110067

अनुक्रमणिका

	पृष्ठ संख्या
आख्यान	1 – 5
1. शैक्षिक कार्यक्रम और प्रवेश	6 – 11
2. विश्वविद्यालय के निकाय	12 – 14
3. संस्थान और केन्द्र	15 – 197
1. कला और सौन्दर्यशास्त्र संस्थान	15 – 17
2. कंप्यूटर और पद्धति विज्ञान संस्थान	18 – 22
3. पर्यावरण विज्ञान संस्थान	23 – 34
4. अन्तर्राष्ट्रीय अध्ययन संस्थान	35 – 64
5. सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान	65 – 67
6. भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान	68 – 96
7. जीवन विज्ञान संस्थान	97 – 108
8. भौतिक विज्ञान संस्थान	109 – 114
9. सामाजिक विज्ञान संस्थान	115 – 178
10. जैव–प्रौद्योगिकी केन्द्र	179 – 183
11. विधि और अभिशासन अध्ययन केन्द्र	184 – 188
12. संस्कृत अध्ययन केन्द्र	189 – 194
13. आणविक चिकित्सा–शास्त्र केन्द्र	195 – 197
4. अकादमिक स्टाफ कालेज	198 – 199
5. छात्र गतिविधियां	200 – 206
6. कमजोर वर्गों के लिए कल्याणकारी योजनाएं	207 – 208
7. विश्वविद्यालय प्रशासन	209 – 210
8. विश्वविद्यालय वित्त	211 – 214
9. पाठ्येत्तर गतिविधियां	215 – 216
10. केन्द्रीय सुविधाएं	217 – 218
1. विश्वविद्यालय पुस्तकालय	217
2. विश्वविद्यालय विज्ञान यंत्रीकरण केन्द्र	218
3. विश्वविद्यालय रोजगार सूचना और मार्गदर्शन ब्यूरो	218

परिशिष्ट

I.	विश्वविद्यालय निकायों की सदस्यता	219 –224
	क. विश्वविद्यालय कोर्ट	219 – 220
	ख. कार्य परिषद	221
	ग. विद्या परिषद	222 - 223
	घ. वित्त समिति	224
II.	शिक्षक	225 -- 236
	क. शिक्षक	225 - 232
	ख. मानद प्रोफेसर	233
	ग. शिक्षकों की नई नियुक्तियां	234 -- 235
	घ. पुनर्नियुक्ति के बाद अंतिम रूप से सेवानिवृत्त हुए शिक्षक	235
	च. अक्षिवर्षिता पर सेवानिवृत्त हुए शिक्षक	235
	छ. स्वैच्छिक रूप से त्यागपत्र देने वाले/सेवानिवृत्त हुए शिक्षक	236
	ज. पुनर्नियुक्त शिक्षक	236
III.	शोध छात्र	237 – 271
	क. पी–एच.डी.	237 - 250
	ख. एम.फिल.	251 -- 270
	ग. एम.टेक	271

विश्वविद्यालय के अधिकारी
(31.3.2004 को)

डॉ. कर्ण सिंह	कुलाधिपति
प्रो. गोपाल कृष्ण चड्ढा	कुलपति
प्रो. बलवीर अरोड़ा	कुलदेशिक
प्रो. राजीव के. सक्सेना	कुलदेशिक
श्री रमेश कुमार	कुलसचिव
श्री एस. नन्दक्योलयार, आई.ए. ऐंड ए.एस.	वित्त अधिकारी
डॉ. एस. चन्द्रशेखरन	समन्वयक (मूल्यांकन)
श्री जीत सिंह	कुलपति के सचिव

अध्ययन संस्थानों के डीन

प्रो. ज्योतिन्द्र जैन	डीन, क. और सौ. शा. सं.
प्रो. कर्मेषु	डीन, कं. व प.वि.सं.
प्रो. कस्तूरी दत्ता	डीन, प.वि.सं.
प्रो. आर.आर. शर्मा	डीन, अं.अ.सं.
प्रो. जे. सुब्बा राव	डीन, सू.प्रौ.सं.
प्रो. एच.सी. पांडे	डीन, भा.सा. और सं.अ.सं.
प्रो. आलोक भट्टाचार्य	डीन, जी.वि.सं.
प्रो. एच.बी. बोहिदार	डीन, भौ.वि.सं.
प्रो. एम.के. पलाट	डीन, सा.वि.सं.

अध्ययन केन्द्रों के अध्यक्ष

प्रो. अनुराधा एम. चिनाय	अध्यक्ष, रू. म.ए. और पू.यू.अ.के./अं.अ.सं.
प्रो. अब्दुल नफे	अध्यक्ष, अ. और प.यू.अ.के./अं.अ.सं.
प्रो. मनोज पंत	अध्यक्ष, रा.अ.वि. और अ.अ.के/अं.अ.सं.
डॉ. ए.के. पाशा	अध्यक्ष, प.ए. और अ.अ.के./अं.अ.सं.
प्रो. उमा सिंह	अध्यक्ष, द.म.द.पू.ए. और द.प.म.अ.के./अं.अ.सं.
डॉ. एच.एस. प्रभाकर	अध्यक्ष, पू.ए.अ.के./अं.अ.सं.
डॉ. सी.एस.आर. मूर्ति	अध्यक्ष, अं.रा.सं. और नि.के./अं.अ.सं.
प्रो. रामाधिकारी कुमार	अध्यक्ष, रू.अ.के./भा.सा. और सं.अ.सं.
प्रो. मोहम्मद असलम इस्लाही	अध्यक्ष, अ. और अ.अ.के./भा.सा. और सं.अ.सं.
प्रो. वसन्त जी. गद्रे	अध्यक्ष, इ.अ.के./भा.सा. और सं.अ.सं.
प्रो. एस.के. सरीन	अध्यक्ष, भा.वि. और अं.के./भा.सा. और सं.अ.सं.
प्रो. एन.ए. खान	अध्यक्ष, भा.भा.के./भा.सा. और सं.अ.सं.
प्रो. एस.एनुल हसन	अध्यक्ष, फा. और म.ए.अ.के./भा.सा. और सं.अ.सं.
प्रो. पी.के. मोटवानी	अध्यक्ष, जा. और उ.पू.ए.अ.के./भा.सा. और सं.अ.सं.
डा. एम.एल. भट्टाचार्य	अध्यक्ष, ची. और द.पू.ए.अ.के./भा.सा. और सं.अ.सं.
प्रो. के. माधवन	अध्यक्ष, फ्रे.और फ्रें.अ.के./भा.सा. और सं.अ.सं.
प्रो. अनिल भट्टी	अध्यक्ष, ज.अ.के./भा.सा. और सं.अ.सं.
प्रो. बी.के. खदरिया	अध्यक्ष, जा.हु.शै.अ.के./सा.वि.सं.
प्रो. वी.वी. कृष्णा	अध्यक्ष, वि.नी.अ.के./सा.वि.सं.
प्रो. मृदुला मुखर्जी	अध्यक्ष, ऐ.अ.के./सा.वि.सं.
प्रो. अरूण कुमार	अध्यक्ष, आ.अ. और नि.के./सा.वि.सं.

प्रो. आनन्द कुमार	अध्यक्ष, सा.प.अ.के. / सा.वि.सं.
डा. रितु प्रिया मेहरोत्रा	अध्यक्ष, सा.चि. और सा.स्वा.के. / सा.वि.सं.
प्रो. असलम महमूद	अध्यक्ष, क्षे.वि.अ.के. / सा.वि.सं.
प्रो. जोया हसन	अध्यक्ष, रा.अ.के. / सा.वि.सं.
प्रो. पी.बी. मेहता	अध्यक्ष, दर्शनशास्त्र केन्द्र / सा.वि.सं.
प्रो. संतोष कार	अध्यक्ष, जै.प्रौ.के.
प्रो. नीरजा गोपाल जयाल	अध्यक्ष, वि. और अ.अ.के.
प्रो. जी. मुखोपाध्याय	अध्यक्ष, आ.चि.शा.के.
प्रो. शशि प्रभा कुमार	अध्यक्ष, सं.अ.के.
प्रो. जयती घोष	निदेशक, महिला अध्ययन कार्यक्रम
प्रो. आदित्य मुखर्जी	निदेशक, अकादमिक स्टाफ कॉलेज

पुस्तकालयाध्यक्ष कार्यालय

श्री एस.के. खुल्लर	कार्यकारी पुस्तकालयाध्यक्ष

डीन (छात्र) कार्यालय

प्रो. राजेन्द्र डेंगले	डीन (छात्र)
प्रो. वी.के. जैन	एसोसिएट डीन (छात्र)
श्रीमती दमयंती वी. ताम्बे	उप निदेशक (शारीरिक शिक्षा)
डा. गौतम पात्रा	मुख्य चिकित्सा अधिकारी

मुख्य कुलानुशासक कार्यालय

प्रो. आर.के. काले	मुख्य कुलानुशासक

विदेशी छात्र सलाहकार कार्यालय

प्रो. रेखा वेंदयराजन	अध्यक्ष

निदेशक (प्रवेश) कार्यालय

प्रो. एच.सी. नारंग	निदेशक

निदेशक, ज.ने.उ.अ.सं. कार्यालय

प्रो. बलवीर अरोडा	निदेशक (शैक्षिक)

पूर्व छात्रों से संबंधित मामलों का कार्यालय

प्रो. प्रमोद तलगेरी	मुख्य सलाहकार

समान अवसर कार्यालय

डॉ. तुलसी राम	मुख्य सलाहकार

जन–सम्पर्क कार्यालय

श्रीमती पूनम एस. कुदेसिया	जन–सम्पर्क अधिकारी

आख्यान

"विश्वविद्यालय का उद्देश्य मानवता, सहनशीलता, तर्कशीलता, चिन्तन प्रक्रिया और सत्य की खोज की भावना को स्थापित करना होता है। इसका उद्देश्य मानव जाति को निरन्तर महत्तर लक्ष्य की ओर प्रेरित करना होता है। अगर विश्वविद्यालय अपना कर्तव्य ठीक से निभाएं तो यह देश और जनता के लिए अच्छा होगा।"

स्वतंत्रत भारत के प्रथम प्रधानमंत्री द्वारा 13 दिसम्बर 1947 को इलाहाबाद विश्वविद्यालय की हीरक जयंती के अवसर पर दिए गए उपर्युक्त वक्तव्य से यह परिलक्षित होता है कि पं. नेहरू ने भारत में विश्वविद्यालीय शिक्षा को विशेष महत्व दिया है। नेहरू का दृढ़ विश्वास था कि विश्वविद्यालय युवा छात्रों में मानवता, सहनशीलता, मैत्रीभाव, तर्कशीलता के आधारभूत सद्गुण और दूरदर्शिता विकसित करने में तथा छात्रों को कल्पनाशक्ति–सम्पन्न विचारों और सत्य की खोज के लिए प्रेरित करते हुए न केवल राष्ट्र के स्वरूप को बदलने बल्कि उसे शक्तिशाली बनाने में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

ऐसे महान राजनेता के विचारों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि के रूप में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की स्थापना ज.ने.वि. अधिनियम 1966 (1966 का 53) के अन्तर्गत वर्ष 1966 में की गई थी। निःसन्देह यह विश्वविद्यालय पं. जवाहरलाल नेहरू के नाम पर एक राष्ट्रीय स्मारक के रूप में था। पं. जवाहरलाल नेहरू को और अधिक सम्मान देने की दृष्टि से विश्वविद्यालय का औपचारिक उद्घाटन भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति स्व. श्री वी.वी. गिरी द्वारा पं. नेहरू के जन्म दिवस के अवसर पर 14 नवम्बर 1969 को किया गया था। संयोगवश यह वर्ष महात्मा गाँधी का जन्मशती वर्ष भी था। विश्वविद्यालय के उद्देश्य हैं –

'अध्ययन, अनुसंधान और अपने संगठित जीवन के उदाहरण और प्रभाव द्वारा ज्ञान, प्रज्ञान एवं समझदारी का प्रसार व अभिवृद्धि करना तथा विशिष्टतः उन सिद्धान्तों की अभिवृद्धि का प्रयास करना, जिनके लिए जवाहरलाल नेहरू ने जीवन–पर्यंत काम किया, जैसे – राष्ट्रीय एकता, सामाजिक न्याय, धर्म निरपेक्षता, जीवन की लोकतांत्रिक पद्धति, अन्तर्राष्ट्रीय समझ और सामाजिक समस्याओं के प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण।

इस लक्ष्य की दिशा में, विश्वविद्यालय –

- भारत की सामासिक संस्कृति के संवर्धन के लिए ऐसे विभाग और संस्थान स्थापित करेगा जो भारत की भाषाओं, कलाओं और संस्कृति के अध्ययन तथा विकास के लिए अपेक्षित हों;
- सम्पूर्ण भारत से छात्रों और अध्यापकों को विश्वविद्यालय में सम्मिलित होने और उसके शैक्षिक कार्यक्रमों में भाग लेने की सुविधा देने के लिए विशेष उपाय करेगा;
- छात्रों और अध्यापकों में देश की सामाजिक आवश्यकताओं के प्रति जागरूकता और बोध की अभिवृद्धि करते हुए उन्हें ऐसी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए तैयार करेगा;
- अपने शैक्षिक कार्यक्रमों में मानविकी, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में समन्वित पाठ्यक्रमों के लिए विशेष व्यवस्था करेगा;
- अन्तर–विषयक अध्ययन के प्रोत्साहन के लिए समुचित उपाय करेगा;
- छात्रों में विश्वव्यापी दृष्टिकोण और अन्तर्राष्ट्रीय समझ विकसित करने की दृष्टि से ऐसे विभाग या संस्थान स्थापित करेगा जो विदेशी भाषाओं, साहित्य और जीवन के अध्ययन के लिए आवश्यक हों; और
- विभिन्न देशों से आए छात्रों और अध्यापकों के लिए शैक्षिक कार्यक्रमों और गतिविधियों में भाग लेने हेतु सुविधाएं प्रदान करेगा।

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की अद्वितीयता का प्रमाण इसके मूल दर्शन, नीतियों और मुख्य कार्यक्रमों से मिलता है, जिनका उल्लेख विश्वविद्यालय के अधिनियम में स्पष्ट रूप से किया गया है। तदनुसार, विश्वविद्यालय का हमेशा यही प्रयास रहा है कि ऐसी नीतियां और अध्ययन कार्यक्रम विकसित किए जाएं जो उच्च शिक्षा के क्षेत्र में पहले से उपलब्ध सुविधाओं में मात्र विस्तार न होकर राष्ट्रीय संसाधनों में महत्वपूर्ण वृद्धि करें। इस तरह विश्वविद्यालय ऐसे कार्यक्रमों पर ध्यान केन्द्रित कर रहा है जो राष्ट्र की उन्नति और विकास के लिए संगत हों। इस संबंध में, विश्वविद्यालय ने निम्नलिखित प्रयास किए हैं –

- विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय एकता, धर्मनिरपेक्षता, जैसे विचारों, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, जीवन के प्रति विश्वव्यापी और मानववादी दृष्टिकोण विकसित करने के लिए निरन्तर प्रयास किए हैं।
- विश्वविद्यालय ने देश के विभिन्न क्षेत्रों से छात्रों और शिक्षकों का चयन करके अपने राष्ट्रीय चरित्र को बनाए रखा है।
- ज्ञान की अविभाज्यता को स्वीकारते हुए अन्तर–विषयक शिक्षण तथा शोध को बढ़ावा दिया गया है और तदनुसार अध्ययन संस्थानों और केन्द्रों की स्थापना की गई है।
- विश्वविद्यालय में अपरम्परागत क्षेत्रों में शिक्षण एवं शोध पर बल देते हुए यह सुनिश्चित किया गया है कि जहां तक संभव हो सके अन्य विश्वविद्यालयों में उपलब्ध सुविधाओं की पुनरावृत्ति न हो।
- विश्वविद्यालय में भारतीय और विदेशी भाषाओं के शिक्षण और शोध का एक मॉडल भाषा संस्थान स्थापित करने पर ध्यान दिया गया है। इसमें विभिन्न उपकरणों से सुसज्जित एक आधुनिक भाषा प्रयोगशाला है और यह एक ऐसा केंद्र है जहाँ सम्बन्धित देशों के साहित्य, संस्कृति और सभ्यता का अध्ययन काफी उपयुक्त और प्रभावी ढंग से होता है।
- विश्वविद्यालय में एक ऐसी पद्धति विकसित की गई है, जिसके अन्तर्गत पढ़ाए जाने वाले कोर्स, उन कोर्सों की संक्षिप्त विषय–वस्तु और मूल्यांकन पद्धति जैसे मूल शैक्षिक निर्णय स्वयं शिक्षकों द्वारा ही लिए जाते हैं; शिक्षकों ने निरन्तर आन्तरिक मूल्यांकन का एक ऐसा ग्रेडिंग सिस्टम अपनाया है जिससे आपसी समझ को बढ़ावा मिलता है।
- विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश देश भर में फैले 60 से अधिक केंद्रों और विदेशों में स्थित 2 केंद्रों पर आयोजित अखिल भारतीय प्रवेश–परीक्षा में प्राप्त अंकों की मेरिट सूची के आधार पर दिया जाता है।
- भारत सरकार की नीति के अनुसार, विश्वविद्यालय में छात्रों को प्रवेश और शिक्षकों को भर्ती के स्तर पर आरक्षण दिया जाता है।
- विश्वविद्यालय में मेरिट–कम–मींस छात्रवृत्तियाँ/अध्येतावृत्तियाँ द्वारा छात्रों के साथ–साथ शिक्षकों को उनके शोध कार्य के लिए देश–विदेश का दौरा करने हेतु वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाती है।
- विश्वविद्यालय अन्तर्राष्ट्रीय समझ को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से विदेशों के विश्वविद्यालयों/संस्थानों के साथ सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रमों में भाग लेता है।
- विश्वविद्यालय ने कई विदेशी विश्वविद्यालयों/संस्थानों के साथ 'एमओयू' पर हस्ताक्षर किए हैं।
- छात्रों और विश्वविद्यालय प्रशासन के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखने के लिए एक शिकायत निवारण समिति का गठन किया गया है।
- एक स्वच्छ सामाजिक वातावरण और जेएनयू समुदाय में सुरक्षा की भावना विकसित करने की दृष्टि से विश्वविद्यालय ने यौन उत्पीड़न के विरुद्ध जेंडर संवेदनशीलन समिति का गठन किया है।
- बाबा साहेब अम्बेडकर चेयर, नेल्सन मंडेला चेयर, अप्पादुरई चेयर, राजीव गांधी चेयर, आरबीआई. चेयर, एसबीआई. चेयर, ग्रीक अध्ययन में चेयर जैसी कई चेयर स्थापित की गई हैं।
- विश्वविद्यालय के दलित छात्रों के शैक्षिक/वित्तीय सम्बन्धी मामलों की देख–रेख के लिए एक सलाहकार समिति का गठन किया गया है।
- विश्वविद्यालय ने विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को प्रवेश परीक्षा में वेटेज देने से संबंधित महत्वपूर्ण कदम वर्ष 1995 में उठाया था।

– जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय पिछले कई वर्षों से 33 से अधिक प्रतिभागी विश्वविद्यालयों के एम.एस–सी. – जैव–प्रौद्योगिकी, एम.एस–सी. – कृषि जैव–प्रौद्योगिकी, एम.वी.एस–सी. (एनिमल) जैव–प्रौद्योगिकी और एम.टेक. जैव–प्रौद्योगिकी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए संयुक्त जैव–प्रौद्योगिकी प्रवेश–परीक्षा सफलतापूर्वक आयोजित कर रहा है। यह प्रवेश–परीक्षा अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित की जाती है।

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की स्थापना विशेष रूप से एक स्नातकोत्तर शिक्षण एवं शोध संस्थान के रूप में की गई थी। विश्वविद्यालय की विद्या सलाहकार समिति ने यह निर्णय लिया था कि विश्वविद्यालय में मूलतः 9 संस्थान होंगे :

1. भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान
2. सामाजिक विज्ञान संस्थान
3. अन्तर्राष्ट्रीय अध्ययन संस्थान
4. जीवन विज्ञान संस्थान
5. पर्यावरण विज्ञान संस्थान
6. कंप्यूटर और पद्धति विज्ञान संस्थान
7. भौतिक विज्ञान संस्थान
8. कला और सौन्दर्यशास्त्र संस्थान
9. सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान

इनमें से पहले चार अध्ययन संस्थानों ने वर्ष 1971 में नई दिल्ली में अपनी गतिविधियां आरम्भ कीं। वर्ष 1974 और 1975 में क्रमशः पर्यावरण विज्ञान संस्थान तथा कंप्यूटर और पद्धति विज्ञान संस्थान की स्थापना हुई। भौतिक विज्ञान संस्थान वर्ष 1986 में शुरू हुआ। वर्ष 2001 में कला और सौन्दर्य–शास्त्र संस्थान और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान शुरू हुए।

वर्ष 1972 में इंफाल (मणिपुर) में स्नातकोत्तर अध्ययन केंद्र की स्थापना की गई। अंततः वर्ष 1981 में यह केन्द्र मणिपुर विश्वविद्यालय का एक हिस्सा बन गया।

पिछले लगभग 36 वर्ष के दौरान निम्नलिखित अध्ययन केंद्र शुरू किए गए और इन्हें सम्बन्धित संस्थानों को सौंपा गया : –

1. सामाजिक विज्ञान संस्थान	– सामाजिक पद्धति अध्ययन केंद्र – ऐतिहासिक अध्ययन केंद्र – राजनीतिक अध्ययन केंद्र – क्षेत्रीय विकास अध्ययन केंद्र – सामाजिक चिकित्साशास्त्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र – जाकिर हुसैन शैक्षिक अध्ययन केंद्र – विज्ञान नीति अध्ययन केंद्र – आर्थिक अध्ययन और नियोजन केंद्र – दर्शनशास्त्र केंद्र – महिला अध्ययन कार्यक्रम – प्रौढ़ शिक्षा ग्रुप – भारत के समसामयिक इतिहास पर अभिलेखागार – शैक्षिक रिकार्ड शोध यूनिट
2. भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान	– फ्रेंच और फ्रेंकाफोन अध्ययन केंद्र – जर्मन अध्ययन केंद्र – इस्पेनी अध्ययन केंद्र – अरबी और अफ्रीकी अध्ययन केंद्र – भारतीय भाषा केंद्र – भाषा–विज्ञान और अंग्रेजी केंद्र

	– फारसी और मध्य एशियाई अध्ययन केंद्र – जापानी और उत्तर–पूर्वी एशियाई अध्ययन केंद्र – चीनी और दक्षिण–पूर्वी एशियाई अध्ययन केंद्र – रूसी अध्ययन केन्द्र – दर्शनशास्त्र ग्रुप – भाषा प्रयोगशाला समूह
3. अन्तर्राष्ट्रीय अध्ययन संस्थान	– अमरीकी और पश्चिमी यूरोपीय अध्ययन केंद्र – राजनय, अन्तर्राष्ट्रीय विधि और अर्थशास्त्र अध्ययन केंद्र – पूर्वी एशियाई अध्ययन केंद्र – रूसी, मध्य एशियाई और पूर्वी यूरोपीय अध्ययन केंद्र – अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति, संगठन और निरस्त्रीकरण केंद्र – दक्षिण, मध्य, दक्षिण–पूर्व एशियाई और दक्षिण–पश्चिम महासागरीय अध्ययन केंद्र – पश्चिमी एशियाई और अफ्रीकी अध्ययन केंद्र – राजनीतिक सिद्धान्त और तुलनात्मक अध्ययन ग्रुप
4. कला और सौंदर्यशास्त्र संस्थान	–
5. जीवन विज्ञान संस्थान	–
6. पर्यावरण विज्ञान संस्थान	–
7. कंप्यूटर और पद्धति विज्ञान संस्थान	–
8. भौतिक विज्ञान संस्थान	–
9. सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान	– जैव–सूचना–विज्ञान केंद्र – संचार और सूचना सेवाएं – कंप्यूटर केंद्र
10 जैव–प्रौद्योगिकी केंद्र	–
11. संस्कृत अध्ययन केंद्र	–
12. आणविक चिकित्सा–शास्त्र केंद्र	–
13. विधि और अभिशासन अध्ययन केंद्र	–

इनके अतिरिक्त, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय ने अपने राष्ट्रीय चरित्र के अनुसार देश भर के निम्नलिखित सुप्रसिद्ध संस्थानों को मान्यता प्रदान की है।

1. रक्षा संस्थान	– सेना कैडेड महाविद्यालय, देहरादून – सेना इंजीनियरी महाविद्यालय, पुणे – सेना इलेक्ट्रोनिक्स और मैकेनिकल इंजीनियरी महाविद्यालय, सिकंदराबाद – सेना दूर–संचार इंजीनियरी महाविद्यालय, महू – राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, पुणे – नौ सेना इंजीनियरी महाविद्यालय, लोनावाला

2. अनुसंधान और विकास संस्थान	– कोशिकीय और अणु जीव–विज्ञान केंद्र, हैदराबाद – विकास अध्ययन केंद्र, तिरूवनन्तपुरम – केंद्रीय औषध अनुसंधान संस्थान, लखनऊ – सेंट्रल इंस्टीट्यूट आफ मेडिसिनल ऐंड ऐरोमेटिक प्लांट, लखनऊ – सूक्ष्म जैविक प्रौद्योगिकी संस्थान, चण्डीगढ़ – अन्तर्राष्ट्रीय आनुवंशिकी इंजीनियरी तथा जैव–प्रौद्योगिकी संस्थान, नई दिल्ली – राष्ट्रीय प्रतिरक्षा–विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली – नाभिकीय विज्ञान केंद्र, नई दिल्ली – रमण अनुसंधान संस्थान, बंगलौर – राष्ट्रीय पादप जीनोम अनुसंधान केन्द्र, नई दिल्ली.

अध्याय– 1

शैक्षिक कार्यक्रम और प्रवेश

अध्ययन पाठ्यक्रम

समीक्षाधीन अवधि के दौरान विश्वविद्यालय ने 59 विषयों में पी–एच.डी., एम.फिल./पी–एच.डी./एम.टेक./पी–एच.डी. और एम.सी.एच/पी–एच.डी., जैव–सूचना विज्ञान में उच्च (स्नात्कोत्तर) डिप्लोमा, 5 विषयों में एम.एस–सी./एम.सी.ए., 23 विषयों में स्नातकोत्तर तथा 9 विदेशी भाषाओं में स्नातक पाठ्यक्रम चलाए। इसके अतिरिक्त, विभिन्न भाषाओं में सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और उच्च डिप्लोमा कोर्स भी चलाए।

विश्वविद्यालय अपने विभिन्न संस्थानों और केन्द्रों द्वारा चलाए जा रहे शिक्षण एवं शोध पाठ्यक्रमों और इनके लिए निर्धारित पाठ्यचर्या के माध्यम से इस बारे की नीतियां तथा कार्यक्रम तैयार करने का प्रयास करता है, जोकि पहले से ही उपलब्ध सुविधाओं का प्रसार करने की बजाए उच्च शिक्षा सम्बन्धी राष्ट्रीय संसाधनों में एक विशिष्ट प्रकार की वृद्धि करते हैं। विश्वविद्यालय ने उपलब्ध वित्तीय और भौतिक संसाधनों से ही अपने लक्ष्यों की प्राप्ति की। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान विभिन्न संस्थानों/केन्द्रों द्वारा निम्नलिखित अध्ययन पाठ्यक्रम चलाए गए :

I. कला और सौन्दर्य–शास्त्र संस्थान

– एम.ए. : यह 4 सत्रीय पाठ्यक्रम है। यह दृश्य और अभिनय कला के सैद्धांतिक और आलोचनात्मक अध्ययन पर केन्द्रित है।

II. कंप्यूटर और पद्धति–विज्ञान संस्थान

- एम.फिल./पी–एच.डी. : यह पाठ्यक्रम कंप्यूटर विज्ञान के विभिन्न पक्षों पर केन्द्रित है।
- एम.टेक./पी–एच.डी. (कंप्यूटर विज्ञान और प्रौद्योगिकी) : यह 3–सत्रीय पाठ्यक्रम कंप्यूटर विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवीनतम जानकारी प्रदान करने की दृष्टि से तैयार किया गया है। एम.टेक. पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद उम्मीदवार पी–एच.डी. पाठ्यक्रम में पंजीकरण के पात्र हो जाते हैं।
- मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एम.सी.ए.) : इस 3- वर्षीय पाठ्यक्रम को इस प्रकार से तैयार किया गया है कि छात्रों को विज्ञान और इंजीनियरी के क्षेत्र में कंप्यूटर अनुप्रयोग सम्बन्धी सैद्धान्तिक पृष्ठभूमि एवं व्यावहारिक अनुभव की आवश्यक जानकारी प्राप्त हो सके तथा डाटा प्रोसेसिंग के क्षेत्र में मानव–शक्ति की बढ़ती हुई मांग को पूरा किया जा सके।

III. पर्यावरण विज्ञान संस्थान

– एम.फिल./पी–एच.डी. : चार विस्तृत क्षेत्रों में शोध सुविधाएं उपलब्ध हैं। इन क्षेत्रों का उल्लेख इस रिपोर्ट में अलग अध्याय में किया गया है।

– एम.एस–सी. – पर्यावरण विज्ञान : यह 4–सत्रीय पाठ्यक्रम वायुमंडलीय, भूमि, प्रदूषण और जीव–विज्ञानों के क्षेत्र में विशेषीकरण सहित पर्यावरण के मुख्य आयामों से सम्बद्ध है।

IV. अन्तर्राष्ट्रीय अध्ययन संस्थान

– एम.फिल./पी–एच.डी. : कोर्स कार्य और शोध सुविधाएं निम्नलिखित क्षेत्रों में उपलब्ध थीं : अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति, अन्तर्राष्ट्रीय संगठन, राजनीतिक भूगोल, राजनयिक अध्ययन, अन्तर्राष्ट्रीय विधि अध्ययन, अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार और विकास, निरस्त्रीकरण अध्ययन, दक्षिण एशियाई अध्ययन, दक्षिण–पूर्व एशियाई और दक्षिण–पश्चिम महासागरीय अध्ययन, मध्य एशियाई अध्ययन, चीनी अध्ययन, जापानी और कोरियाई अध्ययन, पश्चिमी एशियाई और उत्तरी अफ्रीकी अध्ययन, उप–सहारीय अफ्रीकी अध्ययन, अमरीकी अध्ययन, लेटिन अमरीकी अध्ययन, पश्चिमी यूरोपीय अध्ययन, कनाडियन अध्ययन तथा रूसी और पूर्वी यूरोपीय अध्ययन।

– एम.ए. राजनीति (अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों में विशेषीकरण के साथ) : यह 4–सत्रीय पाठ्यक्रम है, जिसमें अन्तर्राष्ट्रीय मामलों, क्षेत्रीय राजनीति, राजनीतिक सिद्धांत, तुलनात्मक राजनीति और आर्थिक विकास के क्षेत्र शामिल हैं। इनसे छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों के अध्ययन की गहन जानकारी प्राप्त होती है।

– एम.ए. अर्थशास्त्र (विश्व अर्थव्यवस्था में विशेषीकरण के साथ) : यह 4–सत्रीय पाठ्यक्रम है, जिसमें छात्रों को अर्थशास्त्र के सिद्धांतों की ठोस सैद्धांतिक पृष्ठभूमि उपलब्ध होती है और वे विश्व अर्थव्यवस्था के विकास को विश्लेषणात्मक ढंग से समझने के लिए तैयार होते हैं।

V. सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान

– उच्च (स्नातकोत्तर) डिप्लोमा : यह एक वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम जीनोम सिक्वेंस एनालिसिस और मोलक्यूलर मॉडलिंग के कंप्यूटर अनुप्रयोग पर केन्द्रित है।

VI. भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान

– पी–एच.डी. : जापानी और दर्शनशास्त्र (केवल आधुनिक पाश्चात्य दर्शनशास्त्र)।
– एम.फिल./पी–एच.डी. : अरबी, अंग्रेजी, संकेत विज्ञान, फ्रेंच, जर्मन, हिन्दी, हिन्दी अनुवाद, भाषा विज्ञान, रूसी, चीनी, फारसी, इस्पानी और उर्दू।
– एम.फिल. : पुर्तगाली।
– एम.ए. : अरबी, चीनी, अंग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन, हिन्दी, जापानी, भाषा विज्ञान, फारसी, रूसी, इस्पानी और उर्दू।
– बी.ए. (ऑनर्स) : अरबी, चीनी, फ्रेंच, जर्मन, जापानी, कोरियाई, फारसी, रूसी और इस्पानी (प्रथम और द्वितीय वर्ष में प्रवेश सहित)। यह पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद उम्मीदवार सम्बन्धित भाषा के एम.ए. पाठ्यक्रम में पंजीकरण का पात्र हो जाता है।

अंशकालिक पाठ्यक्रम निम्नलिखित हैं –

– जन–सम्पर्क माध्यम में उच्च डिप्लोमा (उर्दू)
– पुर्तगाली और पश्तो में उच्च प्रवीणता डिप्लोमा
– भाषा इंदोनेशिया, इतावली, पुर्तगाली और पश्तो में प्रवीणता डिप्लोमा।
– भाषा इंदोनेशिया, इतावली, मंगोली, पश्तो और उर्दू में प्रवीणता प्रमाण–पत्र।

VII. जीवन विज्ञान संस्थान

– एम.फिल./पी–एच.डी. : जीवन विज्ञान के आधुनिक क्षेत्रों में।
– एम.एस–सी. – जीवन विज्ञान : यह 4–सत्रीय पाठ्यक्रम है। इसमें दोनों – बायोलॉजिकल और नॉन–बायोलॉजीकल विज्ञान क्षेत्रों के छात्रों को प्रवेश दिया जाता है।

VIII. भौतिक विज्ञान संस्थान

– पी–एच.डी. : संस्थान की शोध एवं शिक्षण गतिविधियां मुख्यतः नान–लिनियर डायनेमिक, क्लासिकल ऐंड क्वांटम केओस, केमिकल फिजिक्स, कंडेंस्ड मैटर फिजिक्स, डिसार्डर्ड सिस्टम्स, नान इक्वीलिब्रियम स्टेटिस्टीकल मैकेनिक्स, क्वांटम फील्ड थीअरि ऐंड पार्टिकल फिजिक्स, मैथमेटीकल फिजिक्स, क्वांटम आप्टिक्स, स्टेटिस्टीकल न्यूक्लियर फिजिक्स के सैद्धांतिक क्षेत्रों तथा कंप्लेक्स फ्लूइड्स, मैग्नेटिज्म और नॉन–लिनियर आप्टिक्स के प्रयोगात्मक क्षेत्रों पर केन्द्रित है।

– एम.एस–सी. – भौतिक–विज्ञान : यह 4–सत्रीय पाठ्यक्रम है। इसमें भौतिक विज्ञान, रसायन–विज्ञान और गणित स्ट्रीम के छात्रों को प्रवेश दिया जाता है।

IX. सामाजिक विज्ञान संस्थान

– एम.फिल./पी–एच.डी. : निम्नलिखित विषयों में विस्तृत रूप से शोध सुविधाएं उपलब्ध हैं :

आर्थिक अध्ययन और नियोजन; शैक्षिक अध्ययन; ऐतिहासिक अध्ययन; राजनीतिक अध्ययन; क्षेत्रीय विकास (भूगोल, अर्थशास्त्र और जनसंख्या अध्ययन); सामाजिक पद्धति; सामाजिक चिकित्साशास्त्र और सामुदायिक स्वास्थ्य; विज्ञान नीति; और दर्शन शास्त्र।

- सामुदायिक स्वास्थ्य स्नातकोत्तर (एम.सी.एच.)/पी–एच.डी. : इस पाठ्यक्रम में तीन मुख्य क्षेत्र शामिल है – सामाजिक चिकित्सा, सामुदायिक स्वास्थ्य और सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग।
- एम.ए. – (4–सत्रीय) : अर्थशास्त्र, भूगोल, इतिहास, राजनीतिक विज्ञान और समाजशास्त्र।

X. जैव–प्रौद्योगिकी केन्द्र

- पी–एच.डी. : केन्द्र के पाठ्यक्रम अन्तरविषयक प्रकृति के हैं। कोर्स कार्य और सुविधाएं निम्नलिखित क्षेत्रों में उपलब्ध हैं :

  प्रोटीन इंजीनियरी; प्रोकोरियोटिक/यूकोरियोटिक जीन अभिव्यक्ति; संक्रामक रोग – अणु जीव विज्ञान; अणु प्रतिरक्षा विज्ञान; प्रोटीन स्टेबिलिटी, कन्फरमेशन्स ऐंड फोल्डिंग; बायोप्रोसेस स्केल अप ऐंड आप्टिमाइजेशन, यूकोरियोटिक जीन का अनुलेखन।
- एम.एस–सी. – जैव प्रौद्योगिकी : 4–सत्रीय पाठ्यक्रम की रूपरेखा छात्रों को आनुवंशिकी इंजीनियरी और जैव–प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हुई नवीनतम प्रगति से अवगत कराने और इसका उपयोग उद्योग, कृषि और चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में करने की दृष्टि से तैयार की गई है।

XI. विधि और अभिशासन अध्ययन केन्द्र

- केन्द्र में सीधे पी–एच.डी. पाठ्यक्रम की शोध गतिविधियां प्रणाली–विज्ञान, अभिशासन I – सिद्धान्त और संकल्पनाएं, अभिशासन II – विधिक आयाम, पर केन्द्रित हैं।

XII. संस्कृत अध्ययन केन्द्र

- एम.ए. : यह 4 सत्रीय पाठ्यक्रम है। यह पाठ्यक्रम भारतीय बौद्धिक परम्परा, संस्कृत भाषा विज्ञान परम्परा, कंप्यूटर भाषा विज्ञान और संस्कृत साहित्य का परिचय पर केन्द्रित है।

XIII. आणविक चिकित्सा–शास्त्र केन्द्र

- पी–एच.डी. शोध गतिविधियां मोलक्यूलर मेडिसिन पर तथा शिक्षण और शोध गतिविधियां मेटाबोलिक डिसआर्डर, इनफेक्शस डिजीज और डायग्नोस्टिक्स पर केन्द्रित हैं।

शैक्षिक सत्र 2003–2004
(प्रवेश और छात्रों की संख्या)

विश्वविद्यालय के विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों में स्थित 50 केन्द्रों पर 20–23, मई 2003 को जे.एन.यू. प्रवेश–परीक्षा आयोजित की गई। ये राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश हैं – आन्ध्र प्रदेश, असम, बिहार, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, दिल्ली, गुजरात, गोवा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, झारखण्ड, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, नागालैण्ड, उड़ीसा, पांडिचेरी, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तरांचल, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल। इनके अतिरिक्त, विदेश में स्थित दो केंद्रों – काठमांडू और ढाका – में भी प्रवेश–परीक्षा आयोजित की गई।

1. विश्वविद्यालय ने 50,834 आवेदन–पत्र बेचे। इनमें से प्रवेश के इच्छुक उम्मीदवारों से पूर्ण रूप से भरे हुए 44,433 आवेदन–पत्र प्राप्त हुए। उम्मीदवारों द्वारा अपने आवेदन–पत्रों में विभिन्न विषयों/अध्ययन पाठ्यक्रमों के लिए भरे गए विकल्पों के आधार पर यह संख्या बढ़कर 59,996 हो गई।

2. उम्मीदवारों द्वारा प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों और प्रवेश नीति के प्रावधानों के अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा तैयार की गई योग्यताक्रम सूची के आधार पर 1823 उम्मीदवारों को प्रवेश प्रस्ताव भेजे गए। इनमें से 1318 उम्मीदवारों ने विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया।

3. 22.5% (अ.जा. 15% और अ.ज.जा. 7.5%) आरक्षित सीटों में से 24.48% (अ.जा. 15.94% और अ.ज.जा. 8.54%) उम्मीदवारों ने विश्वविद्यालय में प्रवेश लिया।

4. विश्वविद्यालय के विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले 1318 उम्मीदवारों में :
   - 538 उम्मीदवारों ने एम.फिल./पी–एच.डी., एम.टेक./पी–एच.डी., एम.सी.एच./पी–एच.डी. और 548 उम्मीदवारों ने एम.ए./एम.एस–सी./एम.सी.ए. और शेष 232 उम्मीदवारों ने विदेशी भाषाओं में बी.ए. (आनर्स) के अध्ययन पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया;
   - प्रवेश लेने वाले उम्मीदवारों में 871 पुरुष और 447 महिला उम्मीदवार थीं;
   - अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित उम्मीदवारों और पिछड़े हुए जिलों से अर्हक परीक्षा पास करने वाले वे उम्मीदवार जिन्हे "डेप्रिवेशन अंकों" का लाभ मिला, की संख्या 415 (31.50% उम्मीदवार) थी। वर्ष 2002–2003 में इन उम्मीदवारों की संख्या 374 थी।
   - कुल 249 अ.पि. वर्ग से संबंधित उम्मीदवारों (लगभग 19% उम्मीदवार) का विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए चयन हुआ।

5. विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले उम्मीदवारों ने अपनी अर्हक परीक्षा 138 भारतीय विश्वविद्यालयों/संस्थानों/बोर्डों से पास की थी।

6. प्रवेश पाने वाले 1318 उम्मीदवारों में से 594 उम्मीदवार निम्न और मध्यम आय वर्ग के थे, जिनके माता–पिता की मासिक आय 6,000 रूपये से कम थी और 724 उम्मीदवार उच्च आय वर्ग के थे, जिनके माता–पिता की मासिक आय 6,000 रूपये से अधिक थी। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से छात्रों का अनुपात क्रमशः 456 : 862 था। केवल 354 उम्मीदवारों ने अपनी स्कूली शिक्षा पब्लिक स्कूलों से प्राप्त की थी और शेष 964 ने नगर–निगम और अन्य स्कूलों से।

7. विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले 1318 उम्मीदवारों के अलावा 169 उम्मीदवार निम्नलिखित वर्गों से थे :
   - विदेशी छात्र (27 देशों से) : 76
     (69 एबसेंसिया और
     07 प्रवेश परीखा के माध्यम से)

–	सीधे पी–एच.डी. में प्रवेश	:	63
–	गत वर्ष ज्वाइन न कर पाने वाले छात्र	:	17
–	'नेट' परीक्षा उत्तीर्ण (कनिष्ठ शोधवृत्ति धारक)	:	20

संयुक्त प्रवेश परीक्षा

पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी विश्वविद्यालय ने 23 मई 2003 को देश–भर में 50 केन्द्रों पर जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय सहित 33 प्रतिभागी विश्वविद्यालयों के एम.एस–सी. (बायोटेक्नोलॉजी), एम.एस–सी. (एग्रीकल्चर)/एम.वी.एस–सी. (एनीमल बायोटेक्नोलॉजी) और एम.टेक. (बायोटेक्नोलॉजी) पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए संयुक्त जैव-प्रौद्योगिकी प्रवेश–परीक्षा आयोजित की।

भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान में अंशकालिक पाठ्यक्रम

संस्थान के डिप्लोमा/सर्टिफिकेट अंशकालिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पूर्ण रूप से भरे हुए कुल 462 आवेदन–पत्र प्राप्त हुए। इनमें से 155 उम्मीदवारों ने इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया – सी.ओ.पी. में 112, डी.ओ.पी. में 11 और ए.डी.ओ.पी. में 32.

छात्रों की संख्या

1.9.2003 को विश्वविद्यालय में 4857 पूर्णकालिक छात्र पंजीकृत थे। विभिन्न पाठ्यक्रमों में पंजीकृत छात्रों का विवरण इस प्रकार है – 2719 छात्र शोध कर रहे थे और 1368 छात्र एम.ए./एम.एस–सी./ एम.सी.ए. और 756 छात्र स्नातक पाठ्यक्रमों में और 14 जैव–सूचना विज्ञान (स्नातकोत्तर) डिप्लोमा में अध्ययनरत थे।

प्रदान की गई उपाधियां/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, विश्वविद्यालय तथा विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त संस्थानों के 2312 छात्रों को अपने-अपने पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा करने पर उपाधियां/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट प्रदान किए गए :

(1)	पी–एच.डी.	:	242
(2)	एम.फिल.	:	371
(3)	एम.टेक.	:	19
(4)	एम.ए.	:	479
(5)	एम.एस–सी./एम.सी.ए./एम.सी.एच.	:	112
(6)	बी.ए. मान्यता प्राप्त संस्थान	:	230
(7)	बी.ए. (ऑनर्स)	:	141
(8)	बी.एस–सी.	:	438
(9)	बी.टेक.	:	198
(10)	डिप्लोमा/सर्टिफिकेट	:	82
	कुल	:	2312

प्रवेश प्रक्रिया

विश्वविद्यालय के विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों में प्रवेश विश्वविद्यालय की विद्या परिषद् द्वारा समय–समय अनुमोदित प्रवेश नीति और प्रक्रिया के अनुसार दिए जाते हैं।

प्रत्येक अध्ययन पाठ्यक्रम में सीटों (एम.फिल./पी–एच.डी. पाठ्यक्रमों सहित) की संख्या का निर्धारण संबंधित केन्द्र/संस्थानों की सिफारिशों के आधार पर विद्या परिषद् द्वारा किया जाता हैं। सीधे पी–एच.डी. पाठ्यक्रमों की सीटें केन्द्रों/संस्थानों द्वारा एम.फिल./पी–एच.डी. पाठ्यक्रमों के लिए निर्धारित की गई सीटों के अतिरिक्त होती हैं।

प्रवेश में आरक्षण : विश्वविद्यालय अ.जा./अ.ज.जा. के छात्रों को आरक्षण उपलब्ध कराता है। 22.5% स्थान अ.जा./ अ.ज.जा. (क्रमश : 15% और 7.5%, आवश्यक होने पर सीटों के अनुपात में परिवर्तन किया जा सकता है) और 3% स्थान शारीरिक रूप से विकलांग उम्मीद्वारों के लिए आरक्षित हैं। प्रत्येक पाठ्यक्रम में निश्चित सीटों के अलावा 10% सीटें विदेशी छात्रों के लिए आरक्षित हैं। विदेशी छात्रों के लिए निर्धारित 10% सीटों में से 5% सीट प्रवेश–परीक्षा के माध्यम से तथा 5% सीट 'एब्सेंसिया' में भरी जाती हैं। आवश्यक होने पर सीटों के अनुपात में परिवर्तन किया जा सकता है।

प्रवेश सूचना : प्रवेश संबंधी सूचना अखिल भारतीय स्तर पर राष्ट्रीय समाचार–पत्रों और देश के विभिन्न क्षेत्रों के अग्रणी समाचार–पत्रों में प्रत्येक वर्ष फरवरी माह के लगभग दूसरे सप्ताह में प्रकाशित की जाती है।

लिखित–परीक्षा : विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु देश भर में फैले विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर लिखित–परीक्षा आयोजित की जाती है। यह लिखित परीक्षा प्रत्येक वर्ष मई माह के तीसरे सप्ताह में आयोजित की जाती है। प्रत्येक पाठ्यक्रम अथवा अध्ययन पाठ्यक्रम के लिए तीन घंटे की अवधि वाला एक प्रश्न–पत्र तैयार किया जाता है। प्रवेश–परीक्षा तीन दिन चलती है। प्रत्येक दिन दो सत्रों में परीक्षा होती है, जिनमें तीन–तीन घंटे के प्रश्न–पत्र होते हैं। उम्मीद्वार को विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिखित–परीक्षा में प्राप्त अंकों तथा मौखिक–परीक्षा (जहाँ निर्धारित हो) के आधार पर दिया जाता है। जहाँ मौखिक–परीक्षा लागू है वहाँ लिखित परीक्षा 70 अंकों की होती है।

प्रवेश–परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अपेक्षित पात्रता : प्रवेश–परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अपेक्षित पात्रता (सामान्य वर्ग एवं आरक्षित वर्ग दोनों के लिए) विश्वविद्यालय द्वारा इस संबंध में बनाए गए मार्गदर्शी सिद्धान्तों के अनुसार निर्धारित होती है। पाठ्यक्रम विशेष में प्रवेश हेतु निर्धारित अर्हक परीक्षा में बैठने वाले उम्मीदवारों को भी प्रवेश परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाती है। परन्तु प्रवेश हेतु चुन लिए जाने की स्थिति में उनका प्रवेश अर्हक परीक्षा में निर्धारित अंक प्राप्त करने तथा अर्हक परीक्षा की अंतिम अंक तालिका सहित सभी प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने पर ही मान्य होता है। किसी भी अध्ययन पाठ्यक्रम में प्रवेश की अंतिम तिथि वर्ष की 14 अगस्त होती है। इसके बाद किसी को प्रवेश नहीं दिया जाता।

मौखिक परीक्षा : एम.फिल./पी–एच.डी./प्री–पी–एच.डी. पाठ्यक्रमों और विदेशी भाषाओं (अंग्रेजी को छोड़कर) में पाँच वर्षीय एकीकृत एम.ए. पाठ्यक्रमों के चौथे वर्ष में प्रवेश लेने वाले उम्मीद्वारों को एक मौखिक–परीक्षा देनी होती है। इस परीक्षा के लिए 30% अंक आबंटित है। केवल उन्हीं उम्मीद्वारों को एम.फिल./पी–एच.डी./ प्री–पी–एच.डी. और एम.ए. (विदेशी भाषाओं में चतुर्थ वर्ष) पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु मौखिक परीक्षा मे बुलाने के लिए पात्र माना जाता है जिन्होंने लिखित परीक्षा में न्यूनतम क्रमशः 35% और 25% अंक प्राप्त किए हों। अ.जा.,/ अ.ज.जा. और शारीरिक रूप से विकलांग उम्मीदवारों के लिए 10% अंकों की छूट होती है। प्रत्येक अध्ययन पाठ्यक्रम में सामान्यतः विद्या परिषद् द्वारा अनुमोदित सीटों से तीन गुना उम्मीद्वारों को ही मौखिक–परीक्षा के लिए बुलाया जाता है।

उम्मीद्वारों का चयन : प्रत्येक कोर्स/अध्ययन पाठ्यक्रम के लिए सामान्य, अ.जा./अ.ज.जा., शारीरिक रूप से विकलांग और विदेशी उम्मीद्वारों की अलग–अलग योग्यता–क्रम सूची तैयार की जाती है। विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों में उम्मीद्वारों को अंतिम रूप से प्रवेश उम्मीद्वारों से संबंधित वर्गों में इंटर से–मेरिट के आधार पर दिया जाता है। यह मेरिट उम्मीदवार की लिखित परीक्षा और मौखिक परीक्षा (जहाँ निर्धारित हो) में प्राप्त अंकों और अतिरिक्त अंकों (जहाँ लागू हो) के आधार पर तैयार की जाती है।

पंजीकरण : जो उम्मीद्वार प्रवेश के लिए चुन लिए जाते हैं, उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे प्रत्येक वर्ष विश्वविद्यालय द्वारा बनाई जाने वाली समय–सारणी के अन्दर ही अपने पंजीकरण संबंधी सभी औपचारिकताएं पूरी कर लें।

अध्याय–2
विश्वविद्यालय के निकाय

विश्वविद्यालय के कार्य का सुव्यवस्थित रूप से संचालन करने के लिए विश्वविद्यालय कोर्ट, कार्य परिषद, विद्या परिषद जैसे निकाय और वित्त समिति जैसी कुछ अन्य सांविधिक समितियां हैं।

विश्वविद्यालय कोर्ट

विश्वविद्यालय कोर्ट विश्वविद्यालय का सर्वोच्यच निकाय है। इसकी बैठक वर्ष में एक बार कार्यपरिषद् द्वारा निर्धारित तिथि को होती है, जिसमें विश्वविद्यालय की पिछले वर्ष की रिपोर्ट, आय और व्यय का विवरण, लेखा–परीक्षित तुलन–पत्र और अगले वित्तीय वर्ष के बजट पर विचार किया जाता है। विश्वविद्यालय कोर्ट को कार्यपरिषद् और विद्या परिषद् के कार्यों (उन परिस्थितियों में है, यदि इन परिषदों ने विश्वविद्यालय के अधिनियम, संविधियों और अध्यादेशों के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुरूप कार्य न किया हो) और विश्वविद्यालय की शक्तियों, जो अधिनियम और संविधियों में नहीं दी गई हैं, की समीक्षा करने का अधिकार है।

विश्वविद्यालय कोर्ट की पिछली वार्षिक बैठक 8 जनवरी, 2004 को हुई। इसने विश्वविधालय की गतिविधियों पर 1 अप्रैल 2004 से 31 मार्च 2003 तक की वार्षिक रिपोर्ट और वित्तीय वर्ष 2001–2002 का लेखा–परीक्षित प्राप्ति और व्यय का विवरण तथा परिसम्पत्तियों एवं दायित्वों का विवरण और वित्तीय वर्ष 2003–2004 का बजट प्राप्त किया। इसने विश्वविद्यालय का योजनेत्तर अनुरक्षण बजट भी प्राप्त किया। कुलपति ने विश्वविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों और विकासों के बारे में कोर्ट को अवगत कराया। इनमें से मुख्य निम्नलिखित हैं –

(क) विश्वविद्यालय की तमिल शिक्षण शुरू करने की योजना है। इसके लिए तमिलनाडु सरकार से 50 लाख रूपये की एकमुश्त अनुदान राशि प्राप्त हुई।

(ख) विश्वविद्यालय के शैक्षिक समुदाय के लिए 'डेलनेट कनेक्शन' का प्रावधान।

(ग) यौन उत्पीडन के विरूद्ध जेंडर संवेदनशील समिति का गठन। इसमें जेएनयू शिक्षक संघ, जेएनयू छात्र संगठन, जेएनयू अधिकारी संघ, जेएनयू कर्मचारी संघ और गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हैं।

(घ) दलित छात्रों के हितों और समस्याओं को देखने के लिए समान अवसर कार्यालय की स्थापना।

(च) नए छात्रावासों और शैक्षिक भवनों का निर्माण करके वर्तमान सुविधाओं का विस्तार किया गया। ये छात्रावास/भवन थे – जनजातीय छात्रों हेतु 200 सीटों वाला छात्रावास, उत्तरी–पूर्वी क्षेत्र के छात्रों हेतु 180 सीटों वाला छात्रावास, पोस्ट डाक्टरल छात्रावास (चरण–II) ट्रांजिट हाउस (चरण –III), अकादमिक स्टाफ कालेज, उच्च अध्ययन संस्थान, ताप्ती छात्रावास कंप्लेक्स के पास मिनी शॉपिंग सेंटर।

(छ) विश्वविद्यालय के छात्रों को इंटर्नशिप और अल्पकालिक रोजगार के अवसर मुहैया कराने में सक्षम कॉलेज पार्क की स्थापना की योजना।

(ज) कनवेंशन सेंटर खोलने के लिए कदम उठाए गए। इस कनवेंशन सेंटर में, सभी सुविधाओं वाला सम्मेलन कम्पलेक्स, पब्लिक टेलीफोन, जन सुविधाएं, मेडिकल स्टोर, कॉफी शॉप एक बडी पुस्तकों की दुकान, एक बड़ी कंप्यूटर की दुकान/साइबर कैफे, विभिन्न व्यंजनों वाला भोजनालय, एक डिपार्टमेंटल स्टोर और एक क्राफ्ट बाजार होगा।

कार्य परिषद

कार्य परिषद विश्वविद्यालय की एक उच्चत्तम और महत्वपूर्ण कार्य निकाय है; इसे चुनाव समिति की सिफारिशों के आधार पर शिक्षकों और अन्य ग्रुप 'ए' के अधिकारियों की नियुक्ति, उनकी परिलब्धियां और उनकी ड्यूटी निश्चित करने की शक्तियां प्रदान की गई हैं। कार्य परिषद को विश्वविद्यालय की संविधियों और अध्यादेश के अन्तर्गत शिक्षण और गैर शिक्षण स्टाफ के बीच अनुशासन बनाए रखने तथा विश्वविद्यालय के वित्त, लेखाओं और अन्य प्रशासनिक मामलों का प्रबंध और विनियमित करने की शक्ति प्राप्त है। समीक्षाधीन अवधि के दौरान इसकी 2 बैठकें हुईं। ये बैठकें 30 मई 2003 और 16 अक्टूबर 2003 को हुईं। इन बैठकों में परिषद ने अनेक प्रशासनिक और शैक्षिक मामलों पर विमर्श किया और

उन पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए। इसके अतिरिक्त, परिषद ने कुलपति द्वारा संविधियों/अध्यादेशों के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कुछ अत्यावश्यक प्रकृति के मामलों पर लिए गए निर्णयों पर विचार करके उनका अनुमोदन किया। परिषद ने शिक्षण और गैर शिक्षण स्टाफ की नियुक्तियों के लिए विभिन्न चयन समितियों की सिफारिशों पर कुलपति द्वारा किए अनुमोदनों का भी अनुमोदन किया। समीक्षाधीन अवधि के दौरान लिए गए कुछ महत्वपूर्ण निर्णय निम्नलिखित हैं :

(क) जी.एस. कैश के नियम और प्रक्रिया बनाने हेतु नियुक्त समिति की सिफारिशों का अनुमोदन किया।

(ख) विश्वविद्यालय के शिक्षकों, छात्रों और गैर शिक्षण कर्मचारियों के लिए कल्याणकारी निधियों की स्थापना।

(ग) जेएनयू का विदेशी विश्वविद्यालयों/संस्थानों के साथ शैक्षिक सहयोग हेतु बनी स्थायी समिति की सिफारिशों का अनुमोदन।

(घ) अरबी भाषा और खाड़ी क्षेत्रीय इतिहास और संस्कृति – विशेषकर ओमान अध्ययन – का उन्नयन करने के लिए ओमान सल्तनत से 9,49,352 रूपये का वृत्तिदान स्वीकार किया। इस वृत्तिदान का उपयोग अन्तर्राष्ट्रीय अध्ययन संस्थान में पश्चिमी एशियाई और अफ्रीकी अध्ययन केंद्र और भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान में अरबी और अफ्रीकी अध्ययन केंद्र के शैक्षिक क्षेत्रों में समान रूप से किया जाएगा। इनमें शोध को प्रोत्साहन देना, संगोष्ठियों का आयोजन करना और दोनों केंद्रों के पुस्कालयों को अरबी भाषा की पुस्तकों तथा दस्तावेजों एवं ओमान तथा खाड़ी क्षेत्र से संबंधित सूचना से समृद्ध बनाना शामिल है।

(च) अकादमिक स्टाफ कालेज के लिए एलुमनी निधि का सृजन।

(छ) एम.फिल./पी–एच.डी. के लिए बाह्य परीक्षकों, बाह्य विशेषज्ञों/चयन समितियों में विजिटर के नामित व्यक्तियों, सांविधिक और अन्य समितियों के बाह्य सदस्यों और विश्वविद्यालय के शिक्षकों तथा अन्य अतिथियों को गैर–वेतन भुगतान आदि के लिए मानदेय की संशोधित दरों का अनुमोदन किया।

(ज) संशोधित अध्यादेशों का अनुमोदन (1) वेतनमानों में संशोधन(1996), न्यूनतम योग्यताएं और शिक्षकों की कैरियर एडवांसमेंट योजना से संबंधित अध्यादेश (2) विश्वविद्यालय के नियुक्त शिक्षकों की सेवा–शर्तों से संबंधित अध्यादेश (3) विश्वविद्यालय के शिक्षकों के लिए छुट्टी से संबंधित अध्यादेश।

विद्या परिषद्

विद्या परिषद् विश्वविद्यालय की मुख्य शैक्षिक निकाय है। विद्या परिषद् को अन्य के साथ–साथ विभाग, विशेष केंद्र, विशेषीकृत प्रयोगशालाएं स्थापित करने के लिए कार्य परिषद् को सुझाव देने की शक्ति प्राप्त है। विद्या परिषद् को शैक्षिक पदों का सृजन और समाप्त करने, उनका वर्गीकरण करने, प्रवेश और परीक्षाओं पर मसौदा अध्यादेश तैयार करने, परीक्षकों की नियुक्ति और उनके शुल्क का निर्धारण करने, मानद उपाधियाँ और अध्येतावृत्तियां, छात्रवृत्तियां आदि प्रदान करने की शक्ति प्राप्त है। विद्या परिषद् को अन्य विश्वविद्यालयों/संस्थानों के डिप्लोमा और डिग्रियों को मान्यता प्रदान करने, विश्वविद्यालय में प्रवेश हेतु समिति गठित करने, परीक्षाओं के आयोजन और उन्हें आयोजित करने की तिथि निर्धारित करने और विभिन्न विश्वविद्यालय परीक्षाओं के परिणाम घोषित करने आदि की व्यवस्था करने की शक्ति भी प्राप्त है।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान विद्या परिषद् की 2 मई 2003 और 24 नवम्बर 2003 को बैठकें हुईं। परिषद् ने विभिन्न संस्थानों से सदस्यों को सहयोजित किया, विभिन्न संस्थानों/विशेष केंद्रों के अध्ययन मंडलों/विशेष समितियों में शिक्षक/विशेषज्ञ नामित किए, एम.फिल. डिग्री प्रदान करने से संबंधित अध्यादेश की धारा 11(5) में संशोधन का प्रस्ताव किया, आदि और वर्ष 2003–2004 में प्रवेश का तथ्यात्मक डाटा नोट किया। समीक्षाधीन अवधि के दौरान विद्या परिषद् के अन्य निर्णय/सिफारिशें निम्नलिखित है :

(क) शैक्षिक वर्ष 2004–2005 से पर्यावरण विज्ञान संस्थान में पी–एच.डी. पाठ्यक्रम में सीधे प्रवेश शुरू करने का अनुमोदन किया।

(ख) विधि और अभिशासन अध्ययन केंद्र में एम.फिल./पी–एच.डी. पाठ्यक्रम की शुरूआत का अनुमोदन किया।

(ग) शैक्षिक सत्र 2004–2005 से संस्कृत में एम.फिल./पी–एच.डी. पाठ्यक्रम शुरू करने का सिद्धांततः अनुमोदन किया।

(घ) शैक्षिक सत्र 2004–2005 से भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान के जापानी और उत्तर पूर्वी एशियाई अध्ययन केंद्र के वर्तमान प्री–पी–एच.डी. पाठ्यक्रम के स्थान पर जापानी भाषा में एम.फिल./पी–एच.डी. पाठ्यक्रम शुरू करने का अनुमोदन किया।

(च) सामाजिक विज्ञान संस्थान के दर्शनशास्त्र केंद्र में पी–एच.डी. पाठ्यक्रम में सीधे प्रवेश शुरू करने का सिद्धांततः अनुमोदन किया।

(छ) शोध/शैक्षिक संस्थानों को उनके अनुरोध पर लघु शोध प्रबन्धों/शोध प्रबन्धों की फोटो कापी उपलब्ध कराने का अनुमोदन किया बशर्ते कि ये संस्थान फोटो कापी प्राप्ति के स्रोत का उल्लेख करें।

(ज) विभिन्न चयन समितियों में नामित किये जाने वाले विशेषज्ञों के नामों के पेनल को संस्तुत किया।

(झ) प्रवेश प्रक्रिया को कारगर बनाने विशेषकर विदेशी छात्रों को शीघ्र प्रवेश देने को ध्यान में रखते हुए प्रवेश पर स्थायी समिति के अध्यक्ष पद के नाम को बदलकर निदेशक (प्रवेश) करने को संस्तुत किया।

(ट) सामाजिक विज्ञान संस्थान में प्रौढ़ शिक्षा और विस्तार यूनिट का नाम बदलकर प्रौढ़ शिक्षा ग्रूप करने को संस्तुत किया।

(ठ) अन्तर्राष्ट्रीय अध्ययन संस्थान में पश्चिमी एशियाई और अफ्रीकी अध्ययन केंद्र और भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान में अरबी और अफ्रीकी अध्ययन केंद्र में शोध और संगोष्ठियों को प्रोत्साहन देने के साथ–साथ पुस्तकालयों के लिए पुस्तकों और दस्तावेजों के लिए ओमान सल्तनत से 9,49,352 रूपये के वृत्तिदान को स्वीकार करने को संस्तुत किया।

(ड) तमिल भाषा के अध्ययन और विकास के लिए तमिलनाडु सरकार से 50 लाख रूपये का एकमुश्त अनुदान स्वीकार करने को संस्तुत किया।

वित्त समिति

वित्त समिति विश्वविद्यालय की सांविधिक निकाय है। यह समिति विश्वविद्यालय के बजट तथा व्यय प्रस्तावों, नए/अतिरिक्त पदों से संबंधित सभी प्रस्तावों, लेखाओं, लेखा–परीक्षा रिपोर्ट और अन्य वित्तीय एवं लेखाओं से संबंधित मामलों पर विचार करती हैं इसकी सिफारिशें कार्य परिषद् को अनुमोदन के लिए भेजी जाती हैं।

समिति ने 17 नवम्बर 2003 को हुई अपनी बैठक में विश्वविद्यालय के वर्ष 2003–2004 के लिए 'अनुरक्षण' खाते मे 7933.68 लाख रूपये के संशोधित आकलनों को मंजूरी दी।

अध्याय – 3

1. कला और सौंदर्यशास्त्र संस्थान

कला और सौंदर्यशास्त्र भारत के उन गिने चुने संस्थानों में से एक है जो दृश्य एवं निष्पादन कलाओं में सैद्धान्तिक तथा विश्लेषणात्मक अध्ययन में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम चलाते हैं। पूरे भारत में केवल यह एक ऐसा संस्थान है जहां दृश्य और निष्पादन के अध्ययन के एक समन्वित पाठ्यक्रत के माध्यम से छात्रों को विस्तृत सांस्कृतिक संदर्भ में विशेष कला से अवगत कराता है।

हाल के कुछ वर्षों में कला का अध्ययन अन्य कई क्षेत्रों यथा समाजशास्त्र, भाषाविज्ञान, सांस्कृतिक अध्ययन, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, इतिहास, संकेत विज्ञान और नारी अध्ययन आदि – की रीति एवं सूक्ष्म दृष्टि से समृद्ध हुआ है। संस्थान का दृष्टिकोण भिन्न–भिन्न विश्लेषणात्मक एवं सैद्धांतिक मतों को ध्यान में रखते हुए संस्कृति के बारे में एन नए ढंग से अध्ययन करने के लिए सूत्रबद्ध किया गया है।

बहुत ही कम समय में यह संस्थान भारत में विभिन्न पारम्परिक एवं समसामयिक समृद्ध कला–सिद्धान्तों एवं व्यवहारों के अन्तरविषयक अध्ययन और शोध को उन्नत करने का एक प्रमुख केंद्र बन गया है।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान संस्थान ने निम्नलिखित सम्मेलन आयोजित किए :–

1. संस्थान ने 1 से 23 नवम्बर 2003 तक 'कंटेम्पोरेरि इण्डियन म्यूजिक' विषय पर आउटरीच प्रोग्राम आयोजित किया। इसमें देश भर से आये आठ सुप्रसिद्ध संगीतज्ञों, समाजशास्त्रियों और विद्वानों ने "सोशल हिस्ट्री आफ हिन्दुस्तानी म्यूजिक" विषय पर व्याख्यान दिए। इस कार्यक्रम का आयोजन – कविता सिंह और विष्णुप्रिया दत्त ने किया।
2. संस्थान ने 22 से 28 मार्च 2004 तक 'कनटेम्पोरेरि इण्डियन फिल्म्स' विषय पर एक आउटरीच प्रोग्राम आयोजित किया। इसमें देश भर से आए 8 सुप्रसिद्ध विद्वानों ने 'अस्पेक्टस आफ फिल्म एप्रिसिऐशन ऐंड फिल्म हिस्ट्री' विषय पर व्याख्यान दिए। उन्होंने फिल्में दिखायी और फिल्मों पर परिचर्चा की। इसके आयोजक थे – ज्योतिंद्र जैन।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान निम्नलिखित आगन्तुकों ने संस्थान का दौरा किया :–

1. प्रो. ज्ञान प्रकाश, डायरेक्टर, शिल्बी कुलम डेविस सेंटर फार हिस्टोरिकल स्टडीज, प्रिंसटन यूनिवर्सिटी, 12 जनवरी 2004 को संस्थान का दौरा किया।
2. सुसान–लोरी पार्क्स (अफ्रीकी अमरीकी नाट्यलेखक और नाटक के लिए वर्ष 2002 के पुलित्जर पुरस्कार से सम्मानित) ने 24.2.2004 को संस्थान का दौरा किया।

संस्थान की वर्तमान शैक्षिक गतिविधियों में शामिल हैं : रंगमंच अध्ययन, लोकप्रिय संस्कृति, समसामयिक कला और भारतीय चित्रकला।

प्रकाशन

आलेख

- कविता सिंह, एलिगेरिस आफ गुड किंगशिप : वाल पेंटिंग्स ऐट किला मुबारक ऐट पटियाला, न्यू पर्सपेक्टिव्स इन सिख आर्ट, मार्ग पब्लिकेशंस, मुम्बई, 2003
- कविता सिंह, ब्रिक बाई स्क्रीड ब्रिक, न्यू पर्सपेक्टिव्स इन सिख आर्ट, मार्ग पब्लिकेशंस, मुम्बई 2003
- कविता सिंह, द म्यूजियम इज नेशनल इन इण्डिया : ए नेशनल कल्चर (स.) गीतिसेन, सेज पब्लिकेशंस, दिल्ली, लंदन ऐंड थाउजेंड्स ओक्स, 2003
- कविता सिंह, म्यूजियम ऐंड मेकिंग आफ इंडियन आर्ट हिस्टोरिकल केनन इन टुवर्डस ए न्यू आर्ट हिस्ट्री इन इण्डियन आर्ट, सं. – शिवाजी पाणिकर, पारूल देव मुखर्जी और दीपथा आचर, डी.के. प्रिंट वर्ड, नई दिल्ली, 2003

- ज्योतिंद्र जैन, मार्फिंग आइडेंटिटीज : रिकनफिगरिंग द डिवाइन ऐंड द पालिटिकल, बाडी सिटी (स. इन्दिरा चंद्रशेखर और पीटर सी सील) हाउस आफ वर्ल्ड कल्चर्स, बर्लिन। तुलिका बुक्स, दिल्ली, अगस्त 2003
- ज्योतिंद्र जैन, कलम पतुआ : फ्राम द इंटरस्टिसिस आफ द सिटी, केटलाग ऐसे फार द एग्जिबिशन आफ द सेम टाइटल, नई दिल्ली, गेलरी ऐस्पेस, फरवरी 2004
- ज्योतिंद्र जैन, फोक आर्टिस्ट्स आफ बेंगाल ऐंड कंटेम्पोरेरि इमेजिस, ए केस आफ रिवर्स एप्रोप्रिएशन इन आर्टस। आफ द अर्थ, कर्नाटक चित्रकला परिषद, बंगलौर, नवम्बर 2003
- ज्योतिंद्र जैन, कालीघाट पेंटिंग : अदर पर्सपेक्टिव्स, इण्डियन आर्ट, ऐन ओवरवियू, (सं. गायत्री सिन्हा), रूपा ऐंड कं. नई दिल्ली, 2003
- एच.एस. शिवप्रकाश, द पीकॉक'स ऐग : फालोइंग द रेसोनेंसिस आफ अभिज्ञान शाकुन्तलम इन थिएटर इण्डिया, द जर्नल आफ एन.एस.डी., नई दिल्ली, दिसम्बर 2003
- एच.एस. शिवप्रकाश, माई हार्ट–बी हेस फ्लोन... द ओथिच्युरि नोट आन द कन्नड़ पोइट 'कसना' इन इण्डियन लिट्रेचर, जर्नल आफ साहित्य अकादमी, नई दिल्ली, जनवरी–फरवरी 2004
- एच.एस. शिवप्रकाश, सुंदरदास, ए प्ले बाई जे.पी. दास बुक रिव्यु, इण्डियन लिट्रेचर मार्च–अप्रैल–2004

  एच.एस. शिवप्रकाश, वचन। आफ अक्कामहादेवी (ट्रांसलेशन ऐंड ए नोट) ऐंड द ऐरो जर्नीस टु कल्याण: इन जर्नीस, स. गीतिसेन और मोली कौशल, नई दिल्ली, आई.आई.सी. पेंगुइन/वाइकिंग, 2004
- विष्णुप्रिया दत्त, महाचैत्र ऐंड अदर प्लेस बाई एच.एस. शिव प्रकाश, बुक रिव्यू, इण्डियन लिट्रेचर, मार्च–अप्रैल 2004

पुस्तकें

- कविता सिंह, न्यू पर्सपेक्टिव्स इन सिख आर्ट (सं.), मार्ग पब्लिकेशंस, मुम्बई, 2003

शोध परियोजना

- सावंत शुक्ल, ग्रुप शो में भाग लिया, मैक्स मुल्लर भवन, नई दिल्ली, नवम्बर 2003
- सावंत शुक्ल, माइग्रेशंस ए ग्रुप शो क्यूरेटिड बाई अमित मुखोपाध्याय, बिरला अकादमी, कोलकाता, अप्रैल 2003
- सावंत शुक्ल, साक्षी गेलरी में ग्रुप प्रदर्शनी, मुम्बई, नवम्बर 2003

राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनों/बैठकों/कार्यशालाओं में प्रतिभागिता

- ज्योतिंद्र जैन ने नवम्बर 2003 में वर्ल्ड आफ हाउस कल्चर, बर्लिन द्वारा आयोजित 'माइग्रेटिंग इमेजिस' विषयक संगोष्ठी (गेटी फांउडेशन द्वारा प्रायोजित) में "इण्डियन पाप्युलर कल्चर : कनक्वेस्ट आफ द वर्ल्ड एज पिक्चर" शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।
- ज्योतिंद्र जैन ने फरवरी 2004 में केनबरा में आयोजित 'ट्रांसफार्मेशंस : एशिया–पेसिफिक म्यूजियम इन द ट्वंटी–फर्स्ट सेंचुरी' विषयक संगोष्ठी में "ट्राइबल आर्ट्स इन इण्डिया : ट्रेडिशनल ऐंड एक्सप्रेशन" शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।

शिक्षकों के व्याख्यान (विश्वविद्यालय से बाहर)

- ज्योतिंद्र जैन ने 'इण्डियन क्रोमोलियोग्राफ्स ऐंड आलिओग्राफ्स आफ 19थ ऐंड 20थ सेंचुरीज' शीर्षक व्याख्यान दिया।
- ज्योतिंद्र जैन ने 'कालेज : एम्बिवेलेंट स्पेसिस, म्यूटेटिंग आइडेंटिटीज' शीर्षक व्याख्यान दिया।
- ज्योतिंद्र जैन ने 'मेन्युपुलेटिंग द इमेज : रिकनफिगरिंग द कल्टिक ऐंड द पालिटिकल' शीर्षक व्याख्यान दिया।
- ज्योतिंद्र जैन ने 'कन्टेम्पोरेरि इण्डियन फोक आर्टिस्ट्स' शीर्षक व्याख्यान दिया।

  (ये चारों व्याख्यान 12–13 दिसम्बर 2003 को मुम्बई विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग में दिए गए)
- एच.एस. शिवप्रकाश ने 20 से 22 फरवरी 2004 तक मुम्बई विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग द्वारा आयोजित "पालिटिक्स आइडियोलाजी ऐंड लिट्रेचर" विषयक अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में दो सत्रों की अध्यक्षता की।

- एच.एस. शिवप्रकाश ने मार्च 2004 में आई.आई.आर.एस., नई दिल्ली द्वारा आयोजित "इण्डियन ट्राइबल सोसायटीज" विषयक संगोष्ठी में "दलित नरेटिव्स इन कर्नाटका" शीर्षक व्याख्यान दिया।
- कविता सिंह ने मार्च 2004 में इण्डिया इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में इण्डिया इंटरनेशनल सेंटर और नेशनल म्यूजियम इंस्टीट्यूट द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित 'ए नेशनल म्यूजियम फार इण्डिया, ऐज पार्ट आफ म्यूजियम इन एज्यूकेशन सीरीज' शीर्षक व्याख्यान दिया।
- कविता सिंह ने जुलाई 2003 को इण्डिया इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित 'वार, लूट ऐंड द लास आफ हेरिटेज (एप्रोपोस द लूटिंग आफ द बगदाद म्यूजियम)' विषयक पैनल परिचर्चा में भाग लिया।
- विष्णुप्रिया दत्त ने अगस्त 2003 में नेशनल स्कूल आफ ड्रामा में थिएटर स्टडीज ऐंड यूनिवर्सिटी एज्यूकेशन" शीर्षक व्याख्यान दिया।
- विष्णुप्रिया दत्त ने मैक्समूलर भवन, दिल्ली में 'माडरेटर, कनटेम्पोरेरि जर्मन थिएटर ऐंड द वोल्क्स बुने' शीर्षक व्याख्यान दिया।
- विष्णुप्रिया दत्त ने सत्यजीत रे फिल्म्स ऐंड टेलिविजन इंस्टीट्यूट, कलकत्ता में 'रे ऐंड ड्रामेटिक मोमेंट्स' शीर्षक व्याख्यान दिया।
- सावंत शुक्ला ने जनवरी 2004 में बिरला अकादमी, कोलकाता द्वारा आयोजित "कल्चरल राइटिंग इन कंटेम्पोरेरि इण्डिया" विषयक संगोष्ठी की पैनल चर्चा में भाग लिया।
- सावंत शुक्ला ने नवम्बर 2003 में आई.पी. कालेज, नई दिल्ली में आयोजित "ग्लोरियाना" विषयक संगोष्ठी में "पोट्रेट्स आफ पावर : क्वीन एलिजाबेथ द फर्स्ट" शीर्षक व्याख्यान दिया।
- सावंत शुक्ला ने मार्च 2004 में एम.जी.एम.ए. द्वारा क्यूरेटर्स के लिए आयोजित कार्यशाला में 'आर्टिस्ट'स इनिशिएटिव्स ऐंड क्यूरेट्रिअल प्रैक्टिसिस" शीर्षक व्याख्यान दिया।

मण्डलों/समितियों की सदस्यता (विश्वविद्यालय से बाहर)

- ज्योतिंद्र जैन, सदस्य, संग्राहलय का केंद्रीय सलाहकार मण्डल, सांस्कृतिक विभाग, भारत सरकार; सदस्य, न्यासी मण्डल, नेशनल फोकलोर सर्पोट सेंटर चैन्नई; सदस्य, न्यासी बोर्ड, भाऊदाजी लाड म्यूजियम, मुम्बई; सदस्य, शैक्षिक परिषद, नेशनल म्यूजियम इंस्टीट्यूट फार आर्ट हिस्ट्री, म्यूजिओलाजी ऐंड कंजर्वेशन (मानित विश्वविद्यालय, नई दिल्ली)।
- एच.एस. शिवप्रकाश, सदस्य, साहित्य के क्षेत्र में सांस्कृतिक विभाग की अध्येतावृत्ति हेतु गठित चयनित समिति, 2003; जूरी के सदस्य, कबीर सम्मान काव्य पुरस्कार 2003.
- कविता सिंह, सदस्य, म्यूजियम के केंद्रीय सलाहकार मण्डल (पर्यटन और सांस्कृतिक मंत्री की अध्यक्षता में) पर्यटन और संस्कृति मंत्रालय, संस्कृति विभाग, भारत सरकार; सदस्य, प्रारम्भिक चयन समिति (ललित कला) इनलाक्स अध्येतावृत्तियां।

2. कंप्यूटर और पद्धति विज्ञान संस्थान

कंप्यूटर और पद्धति विज्ञान संस्थान की स्थापना वर्ष 1975 में हुई थी। पिछले कुछ वर्षों से यह देश में एक प्रतिष्ठित संस्थान के रूप में उभरा है। यह संस्थान एम.सी.ए., एम.टेक (एम.फिल.) और पी--एच.डी. शोध पाठ्यक्रम चलाता है और इनमें देशभर के सर्वोत्तम छात्र प्रवेश लेने के लिए आवेदन करते हैं।

कंप्यूटर और पद्धति विज्ञान संस्थान अपने शैक्षिक पाठ्यक्रम को समाज और उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाता है। यह अपने छात्रों को उच्च स्तर की तकनीकी शिक्षा प्रदान करता है। तदनुसार, कोर्स और पाठ्यक्रम इस प्रकार तैयार किए जाते हैं जिसमें अन्तर्विषयक कोर्स के साथ–साथ सैद्धांतिक और प्रायोगिक पक्षों को भी कवर किया जाता है। यह कोर्स संरचना छात्रों को या तो सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग या फिर उच्च शैक्षिक कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए योग्य बनाती है। संस्थान भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान के छात्रों के लिए परम्परागत और विशेष कोर्स भी चलाता है।

वर्ष 2003–2004 के दौरान एम.सी.ए. कोर्स के पाठ्यक्रम को पुनर्गठित और संशोधित किया गया। एम.टेक. पाठ्यक्रम को संशोधित करने की प्रक्रिया चल रही है।

संस्थान में निम्नलिखित विशेषीकृत शोध समूह हैं : आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ऐंड साफ्टवेयर इंजीनियरिंग, डाटा कम्युनिकेशन ऐंड नेटवर्क्स, मल्टीमीडिया ऐंड माडलिंग नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग, पेरेलल प्रोसेसिंग ऐंड डिस्ट्रीब्यूटिड कंप्यूटिंग, और सिस्टम्स साफ्टवेयर।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान संस्थान ने निम्नलिखित संगोष्ठिया आयोजित की :

1. श्री एस.एस. दुबे, भीलवाड़ा इंफोटेक ने 26 अगस्त, 2003 को "चैलेंजिज ऑफ आई.टी. कैरियर" विषय पर संगोष्ठी आयोजित की।
2. प्रोफेसर रवि कोठारी, आई.बी.एम. रिसर्च इंडिया लैब, नई दिल्ली ने 3 सितम्बर, 2003 को "लर्निंग फ्राम लेबल्ड ऐंड अनलेबल्ड डाटा" विषयक संगोष्ठी आयोजित की।
3. डॉ. पी. कृष्णा रेड्डी, आई.आई.टी. हैदराबाद ने 11 नवम्बर, 2003 को "स्पेकुलेटिव लॉकिंग प्रोटोकॉल्स टु इंप्रूव परफॉर्मेंस ऑफ डिस्ट्री ब्यूटिड डाटाबेस सिस्टम्स" विषयक संगोष्ठी आयोजित की।
4. प्रोफेसर अनिल अग्रवाल, वाल्टीमोर विश्वविद्यालय, ने 12 नवम्बर, 2003 को 'वेब बेस्ड एजूकेशन – एन ओवरव्यू करंट ऐंड फ्यूचर इंप्लिकेशंस" विषयक संगोष्ठी आयोजित की।
5. प्रोफेसर सुरेश पी. सेठी, सेंटर फॉर इनटेलीजेंट सप्लाई नेटवर्क्स, यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास; यू.एस.ए., ने 12 जनवरी, 2004 को "इनटेलीजेंट सप्लाई नेटवर्क्स" विषयक संगोष्ठी आयोजित की।
6. प्रोफेसर केटलीन मुनकावसी, ओटवास यूनिवर्सिटी, बुडापेस्ट, हंगरी, ने 21 जनवरी, 2004 को "नॉन आक्लीडीएन जियोमेट्री इन द ओल्ड मैप्स (एनशियन्ट मैप्स ऑफ कंटेम्पोरेरि पिक्चर्स)' विषयक संगोष्ठी आयोजित की।
7. प्रोफेसर रिचर्ड स्टालमैन, फ्री साफ्टवेयर फाउंडेशन, ने 28 जनवरी, 2004 को "फ्री साफ्टवेयर मूवमेंट ऐंड द जी.एन.यू./एल.आई.एन.यू.एक्स. आपरेटिंग सिस्टम" विषयक संगोष्ठी आयोजित की।
- शशि प्रभा कुमार को संस्कृत शिक्षण और शोध में विशेष योगदान देने के लिए कनाडियन वर्ल्ड एज्यूकेशन फाउंडेशन, कनाडा से वर्ष 2003 का रामकृष्ण संस्कृत पुरस्कार प्राप्त हुआ।

मंडलों / समितियों की सदस्यता (विश्वविद्यालय से बाहर)

- शशि प्रभा कुमार, सदस्य, स्थानीय शोध समिति, राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, नई दिल्ली।
- हरि राम मिश्र ने जुलाई 2003 में राष्ट्रीय शैक्षणिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, नई दिल्ली द्वारा कक्षा–9 और 10 के लिए प्रकाशित संस्कृत व्याकरण की 'व्याकरण विथी' नामक पाठ्यपुस्तक तैयार करने हेतु गठित पाण्डुलिपि समीक्षा संशोधन काव्यगोष्ठी के सदस्य के रूप में कार्य किया।
- संतोष कुमार शुक्ल, विशेषज्ञ सदस्य, संस्कृति विभाग, भारत सरकार।

13. आणविक चिकित्साशास्त्र केंद्र

मानव रोगों की समझ, रोकथाम और निवारण के लिए जैव चिमित्साशास्त्र विज्ञान के क्षेत्र में 'आणविक चिकित्साशास्त्र' एक उभरता हुआ नया क्षेत्र है। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में स्थापित आणविक चिकित्साशास्त्र का विशेष केंद्र भारत में इस तरह का पहला केंद्र है।

इस केंद्र का मुख्य उद्देश्य आणविक और कौशिकीय जीव विज्ञान के उच्च उपकरणों का अनुप्रयोग करते हुए मानव रोग के अध्ययन क्षेत्र में शिक्षण एवं शोध कार्य को प्रोत्साहन देना है। केंद्र ने उन युवा विज्ञानियों – नैदानिक और गैर–नैदानिक को प्रशिक्षण देने के लिए अपने शैक्षिक कार्यक्रम शुरू किए हैं, जो आधारभूत चिकित्साशास्त्र अनुसंधान के क्षेत्र में अध्ययन करने के इच्छुक हैं। केंद्र के प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा विशेषकर दो प्रकार के विज्ञानी तैयार करने के लिए बनाई गई है, जो चिकित्साशास्त्र के क्षेत्र में हो रही प्रगति में अपना योगदान कर सकें। पहले तरह का विज्ञानी मुख्यत: एक ऐसा चिकित्सक होना चाहिए, जिसके पास आधारभूत नैदानिक उपाधि हो और उसे चिकित्साशास्त्र में आणविक स्तर पर प्रयुक्त आधुनिक जीव–विज्ञान की जानकारी होनी चाहिए। दूसरा विज्ञानी आधुनिक जीव–विज्ञानी है, लेकिन उसे चिकित्सा सम्बन्धी समस्यों के निवारण में उत्पादों हेतु उत्पाद के प्रयोग में चिकित्साशास्त्र की पर्याप्त जानकारी होनी चाहिए ताकि वह अपना उत्पाद समाज को प्रस्तुत कर सके। इन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए केंद्र ने निम्नलिखित अध्ययन कार्यक्रम शुरू किए हैं।

आयुर्विज्ञान स्नातकों और आधारभूत विज्ञानों के छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए केंद्र ने आणविक चिकित्सशास्त्र के क्षेत्र में प्री–पी–एच.डी. और सीधे पी–एच.डी. पाठ्यक्रम शुरू किए हैं। केंद्र निम्नलिखित थ्रस्ट एरिया में शिक्षण एवं शोध गतिविधियां चला रहा है। समीक्षाधीन अवधि के दौरान 12 छात्रों का प्रवेश हेतु चयन किया गया।

क. मेटाबोलिक डिसार्डर्स (डायबिटीज टाइप–2, कार्डिवास्कुलर डिसीज, प्रोडक्टिव डिसार्डर्स, स्टिरायड रिसेप्टर्स ऐंड केंसर पाकिसंस डिसीज)

ख. इनफेक्शियस डिसीज (मलेरिया, हेपटाइटिस सी, लिश्मेनियासिस, हेलिकोबेक्टर पेथोजेनेसिस, केंडिडियासिस)

ग. डायगनोस्टिक्स (जेनेटिक प्रोफाइलिंग आफ पेथोजनिक फंगस ऐंड डिवलपमेंट आफ जेनेटिक टुल्स टु आइडेंटिफाई पेथोजेनिक आर्गेनिज्म्स)

समीक्षाधीन अवधि के दौरान निम्नलिखित विज्ञानी केंद्र में आए : डा. तापस कुमार कुण्डु,, विज्ञानी, जवाहरलाल नेहरू सेंटर फार एडवांस्ड रिसर्च, बंगलौर; डा. आलोक चंद्र भारती, डिपार्टमेंट आफ बायोइम्यूनोथेरपी, द यूनिवर्सिटी आफ टेक्सास, यू.एस.ए.; प्रो. के.के. तलवार, अध्यक्ष, डिपार्टमेंट आफ कार्डियोलाजी, एम्स नई दिल्ली; डा. ममता चावला सरकार, सेंटर फार केंसर ड्रग डिस्कवरी ऐंड डिवलपमेंट, द क्लीवलेण्ड क्लिनिक फांउडेशन, ओहिओ, यू.एस.ए.

समीक्षाधीन अवधि के दौरान छात्रों की उपलब्धियां निम्न प्रकार से हैं :–

केंद्र ग्रीष्मकाल के दौरान छात्रों को उच्च सुविधाएं मुहैया कराता है। देशभर से आए स्नातक और स्नातकोत्तर (चिकित्सकों सहित) स्तर के छात्रों को सेल बायोलाजी, मोलिक्यूलर बायोलाजी, इनफेक्शियस डिसीज सहित बायोइनफर्मेटिक्स के क्षेत्रों में छात्रों की जरूरत के अनुसार 3 से 6 माह तक का प्रशिक्षण दिया गया।

पिछले वर्षों की तरह केंद्र चालू वर्ष में भी "फ्रंटियर्स इन मोलिक्युलर मेडिसन" विषयक संगोष्ठी का आयोजन करने की योजना बना रहा है।

प्रकाशन

पत्रिकाओं में प्रकाशित आलेख

- ए. सेनगुप्ता, आर.के. त्यागी, के. दत्ता, "ट्रंकेटिड वेरिएंट्स आफ हयालुरोनान बाइंडिंग प्रोटीन–I बाइंड हयालुरोनान ऐंड इंडयूस आइडेंटिकल मार्फोलाजिकल एबरेशंस इन सी.ओ.एस.–I सेल्स, बायोकेम जर्नल 2004, मार्च (प्रकाशनाधीन)
- ए.ए. लतीफ, यू. बनर्जी, आर. प्रसाद, ए. विश्वास, एन. विग, एन. शर्मा, ए. हक, एन. गुप्ता, एन जैड बाकर, जी. मुखोपाध्याय, "ससेप्टिबिलिटी पैटर्न ऐंड मोलकुलर टाइप आफ स्पिरीजे–स्पोसिफिक केनडिडा इन ओरोफारिंजिल लेसन आफ इण्डियन ह्यूमन इम्यूनोडेफिसिऐंसी वायरस–पोजिटिव पेशेंट्स", ज. क्लिन. माइक्रोबायोल. 42(3) 1260, मार्च 2004
- एन. करनानी, एन.ए. गौड़, एस. झा, एम. पुरी, एस. कृष्णमूर्ति, एस.के. गोस्वामी, जी. मुखोपाध्याय, आर. प्रसाद, "एस.आर.ई–1 ऐंड एस.आर.ई.–2 आर टु स्पेसिफिक स्ट्रिरायट–रिस्पोंसिव माड्यूल्स आफ केनडिडा ड्रग रेसिस्टेंस जीन 1 (सी.डी.आर.1) प्रोमोटर" यीस्ट, 21(3): 219–39, फरवरी 2004
- एन.ए. गौड़, एन. पुरी, एन. करनानी, जी. मुखोपाध्याय, एस.के. गोस्वामी, आर. प्रसाद, "आइडेंटिफिकेशन आफ ए निगेटिव रेग्यूलेटरि एलिमेंट विच रेग्यूलेट्स बेसल ट्रांसक्रिप्शन आफ ए मल्टीड्रग रेसिस्टेंस जीन सी.डी.आर.1 आफ केनडिडा अल्बिकेंस, एफ.ई.एम.एस. यीस्ट रेस 4(4–5), 389–99, जनवरी 2004
- आर.के. सोनी, पी. मेहरा, एन.आर. चौधरी, जी. मुखोपाध्याय, एस.के. धर, "फंक्शनल करेक्ट्राइजेशन आफ हेलिकोबेक्टर पाइलोरी डी.एन.ए.बी. हेलिकेस, न्यूक्लिक एसिड्स रिस. 3,3–1(23) : 6828–40, दिसम्बर 2003
- एस.के. धर, आर.के. सोनी, बी.के. दास, जी. मुखोपाध्याय, "मोलकूलर मैकेनिज्म आफ एक्शन आफ मेजर हेलिकोबेक्टर पाइलोरी विरूलेंस फेक्टर्स", मोल. सेल बायोकेम, 253(1–2): 207–15, नवम्बर 2003
- एस. झा, एन. करनानी, एस.के. धर, के. मुखोपाध्याय, एस. शुक्ला, पी. सेनी, जी. मुखोपाध्याय, आर. प्रसाद, "प्यूरिफिकेशन ऐंड करेक्ट्राइजेशन आफ द एन–टर्मिनल न्यूक्लियोटाइड बाइंडिंग डोमेल आफ एन ए.बी.सी. ड्रग ट्रांसपोर्टर आफ केनडिडा अल्बिकेंस : अनकॉमन सिस्टाइन 193 आफ बाकर ए इज क्रिटिकल फार ए.टी.पी. हाइड्रोलिसिस, कमोकेमिस्ट्री, 16, 42(36) : 10822–32, सितम्बर 2003
- आर.के. त्यागी, "डायनेमिक्स आफ सबसेल्यूलर कम्पार्टमेंटलाइजेशन आफ स्टिरायड रिसेप्टर्स इन लीविंग सेल ऐज ए स्ट्रेजिक स्क्रिनिंग मैथड टु डिटरमाइन द बायोलाजिकल इम्पेक्ट आफ सस्पेक्टिड एंडोक्राइन डिसरप्टर्स", मेडिकल हाइपोथिसिस 60 : 501–504, 2003

पुस्तकों में प्रकाशित अध्याय

- सी.के. मुखोपाध्याय और एस. विश्वास, 'आयरन ऐंड नान अल्कोलिक फेटी लीवर डिसीज' प्रकाशनाधीन, 2004, रेनबेक्सी साइंस फांउडेशन

शोध परियोजनाएं

- आर. प्रसाद, जी. मुखोपाध्याय और यू. बनर्जी, (ए.आई.आई.एम.एस.) "मोलकूलर बायोटाइपिंग एपिडेमियोलाजी ऐंड फंगल ससेप्टिबिलिटीज आफ आपयुनिस्टिक ह्यूमन पैथोजनिक फुंगी, आई.सी.एम.आर. 2002–2005
- एस.के. धर, "फंक्शनल करेक्ट्राइजेशन आफ रेप्लिकेशन ओरिजन (ओरिक) ऐंड रेप्लिकेशन प्रोटींस आफ हेलिको बेक्टर पाइलोरी' सी.एस.आई.आर., 2002–2005
- एस.के. धर, "फंक्शनल करेक्ट्राइजेशन आफ रेप्लिकेशन प्रोटींस ऐंड रेप्लिकेशन ओरिजन (ओरिक) आफ हेलिकोबेक्टर पाइलोरी : पोटेंशियल टारगेट्स फार थेरपी, यूनिवर्सिटी पोटेंशियल आफ एक्सीलेंस स्कीम, जेएनयू, 2002–2007
- आर.के. त्यागी, "इनवेस्टिगेशन इन टु एण्ड्रोजन–इंडिपेंडेंट एक्टिवेशन आफ एंड्रोजन रिसेप्टर इन प्रोस्टेट कैंसर, आई.सी.एम.आर., 2003–06

- सी.के. मुखोपाध्याय, ए स्टडी आन द मोलिकूलर मैकेनिज्म आफ इंसुलिन–इंडयूस्ड एक्टिवेशन आफ हाइपोक्सिया–इंडयूसिबल फेक्टर–I, द मास्टर रेग्यूलेटर आफ आक्सिजन होमोस्टेसिस, डी.बी.टी. 2003–06
- आर.के. त्यागी, "मैकेनिज्म्स आफ इनहिबिशन आफ ट्रांसक्रिप्शनल एक्टिविटी आफ एड्रोजन रिसेप्टर बाई एन्टागोनिस्ट्स/एंडोक्राइन डिसरेप्टर्स, सी.एस.आई.आर., 2003–06
- जी. मुखोपाध्याय, बायोकेमिकल एनालिसिस आफ द टाइप–IV प्रोटीन सेफरेशन सिस्टम आफ हेलिकोबेक्टर पाइलोरी, सी.एस.आई.आर, 2003–06
- एस.के. धर, फंक्शनल एनालिसिस आफ रेप्लिकेशन ऐंड सेल साइकिल रेग्यूलेटिड जीन्स इन प्लेजमोडियम फेल्सिपेरम' वेलकम ट्रस्ट द्वारा वित्तपोषित, लंदन, यू.के. 2004–08
- सी.के. मुखोपाध्याय, ए स्टडी आन द प्लासिबल मोलकूलर मैकेनिज्म (स) आन हेपाटिक आयरन ओवरलोड इन हाइपरइन्सुलिनमेनिया, सी.एस.आई.आर., 2004–2007

राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनों/बैठकों में प्रतिभागिता

- एम.के. गुप्ता, सी.के. मुखोपाध्याय और एस.के. गोस्वामी ने पुणे में आयोजित 27वी. आल इण्डिया सेल बायोलाजी कांफ्रेंस और अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में "बायोकेमिकल एनालिसिस आफ आर.ओ.एस. इन कार्डियक मसल जीन एक्सप्रेशन, पी 13", विषयक आलेख प्रस्तुत किया।
- एस. बिश्वास, एम.के. गुप्ता और सी.के. मुखोपाध्याय ने पुणे में आयोजित 27वीं आल इण्डिया सेल बायोलाजी कांफ्रेंस और अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में "इनवाल्वमेंट आफ रिएक्टिव आक्सिजन स्पीसीज इन इंसुलीन इंडयूस्ड एक्टिवेशन आफ हाइपोक्सिया इंडयूसिबल फेक्टर–I, पी.ए. 63", शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।

शिक्षकों के व्याख्यान (विश्वविद्यालय से बाहर)

- सी.के मुखोपाध्याय ने 1–2 मार्च 2004 को दिल्ली में आयोजित रेनबेक्सी संगोष्ठी में "आयरन ऐंड नान एल्कोलिक फेटी लीवर डिसीज" शीर्षक व्याख्यान दिया।
- सी.के. मुखोपाध्याय ने 17 मई 2003 को एन.आई.पी.ई.आर. में "डयूल रेग्यूलेशन आफ सिरूलोप्लैजमिन ट्रांसक्रिप्शन बाई इन्सुलिन हेपाटिक सेल्स" शीर्षक व्याख्यान दिया।
- एस.के. धर को 4–6 जून 2003 में अन्तर्राष्ट्रीय वरिष्ठ अध्येतावृत्ति प्रदान करने के लिए शोध प्रस्ताव का मूल्यांकन करने हेतु वेलकम ट्रस्ट, लंदन द्वारा आमंत्रित किया गया। यह बैठक दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन में हुई थी।
- एस.के. धर ने 14–15 मार्च 2004 को जीवन विज्ञान संस्थान, जेएनयू द्वारा आयोजित 'बायोस्पार्क' संगोष्ठी में "हेलिकोबेक्टर पाइलोरी डी.एन.ए.बी. हेलिकेस" शीर्षक व्याख्यान दिया।

पुरस्कार/सम्मान/अध्येतावृत्ति

- एस.के. धर को वेलकम ट्रस्ट, यू.के. द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय वरिष्ठ शोध अध्येतावृत्ति प्रदान की गई।

मण्डलों/समितियों की सदस्यता (विश्वविद्यालय से बाहर)

- आर.के. त्यागी, आजीवन सदस्य, इण्डियन सोसायटी आफ सेल बायोलाजी

अध्याय–4
अकादमिक स्टाफ कालेज

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में अकादमिक स्टाफ कालेज की स्थापना वर्ष 1989 में हुई थी। कालेज का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय और कालेज–शिक्षकों को उनके सम्पूर्ण बौद्धिक विकास के अतिरिक्त विषयात्मक वाद–विवाद और भाषण की कला से परिचित कराना है। इससे उन्हें विषयात्मक बिंदुओं तथा समसामयिक समस्याओं पर विचार करने और उनको प्रतिबिम्बित करने की क्षमता अर्जित करने की प्रेरणा भी मिलती है।

कालेज विभिन्न विषयों में पुनश्चर्या कोर्स और अनुशीलन कोर्स आयोजित करता है। इन कोर्सों का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को उन सामाजिक और ऐतिहासिक संदर्भों वाली चुनौतियों के बारे में जानकारी देना है, जिनका आज की भारतीय उच्च शिक्षा सामना कर रही है। प्रतिभागियों को अच्छे शिक्षक बनाने हेतु उनकी समझ और दक्षता को बढ़ाया जाता है। बहु–विषयक दृष्टिकोण तथा शिक्षण संस्थाओं और भारतीय समाज के बीच के संबंधों को सुदृढ बनाने पर बल दिया जाता है।

कालेज निम्नलिखित विषयों में पुनश्चर्या कोर्स आयोजित करता है : राजनीति विज्ञान, अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध, अर्थशास्त्र, इतिहास, कंप्यूटर विज्ञान, समाजशास्त्र, जीवन–विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, भौतिक विज्ञान और जैव–प्रौद्योगिकी। इन कोर्सों का आयोजन उन शिक्षकों के लिए किया जाता है जिन्होंने कम से कम दो वर्ष शिक्षण अनुभव अर्जित किया हो।

सभी कोर्सों के प्रतिभागियों को कंप्यूटर और इंटरनेट के प्रयोग के बारे में जानकारी दी जाती है।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कालेज ने 13 (11 पुनश्चर्या और 2 अनुशीलन कोर्स) कोर्सों का आयोजन किया तथा इसमें भाग लेने के लिए प्रतिभागी देश भर के सभी स्थानों से बुलाए गए।

कोर्सों का विवरण निम्न प्रकार से है :

अनुशीलन कोर्स

क्र.सं.	कोर्स का नाम व दिनांक	कुल प्रतिभागी	पुरुष	महिला	अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व.
1.	46वां अनुशीलन कोर्स (सामाजिक विज्ञान) 7 अप्रैल – 2 मई 2003	55	24	31	5/15/4
2.	47वां अनुशीलन कोर्स (सामान्य) 10 नवम्बर – 5 दिसम्बर 2003	49	23	26	3/15/3

पुनश्चर्या कोर्स

क्र.सं.	कोर्स का नाम व दिनांक	कुल प्रतिभागी	पुरुष	महिला	अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व.
1.	7वाँ पुनश्चर्या कोर्स (जैव–प्रौद्योगिकी) 7 अप्रैल – 2 मई 2003	38	19	19	0/0/4
2.	25वाँ पुनश्चर्या कोर्स (समाजशास्त्र) 14 जुलाई – 8 अगस्त, 2003	25	8	17	1/2/1
3.	29वाँ पुनश्चर्या कोर्स (अर्थशास्त्र) 11 अगस्त 5 सितम्बर, 2003	29	18	11	2/1/2

क्र.सं.	कोर्स का नाम व दिनांक	कुल प्रतिभागी	पुरुष	महिला	अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व.
4.	20वाँ पुनश्चर्या कोर्स (इतिहास) 8 सितम्बर 3 अक्टूबर, 2003	34	26	8	3/1/5
5.	29वाँ पुनश्चर्या कोर्स (राजनीति विज्ञान) 6 अक्टूबर 31 अक्टूबर 2003	38	28	10	1/0/4
6.	30वाँ पुनश्चर्या कोर्स (अर्थशास्त्र) 29 दिस. 23 जनवरी, 2004	33	20	13	1/6/4
7.	9वाँ पुनश्चर्या कोर्स (जीवन–विज्ञान) 29 दिसम्बर – 23 जनवरी, 2004	38	15	23	0/6/5
8.	21वाँ पुनश्चर्या कोर्स (इतिहास) 27 जनवरी – 20 फरवरी 2004	32	23	9	2/0/5
9.	5वाँ पुनश्चर्या कोर्स (भौतिक विज्ञान) 27 जनवरी – 20 फरवरी, 2004	33	22	11	1/0/2
10.	30वाँ पुनश्चर्या कोर्स (राजनीति विज्ञान) 23 फरवरी से 19 मार्च, 2004	38	25	13	3/4/4
11.	9वाँ पुनश्चर्या कोर्स (पर्यावरण विज्ञान) 23 फरवरी से 19 मार्च 2004	31	16	15	1/0/3

अकादमिक स्टाफ कालेज द्वारा आयोजित कोर्सों के लिए वरिष्ठ शिक्षक कोर्स समन्वयक के रूप में कार्य करते हैं। जेएनयू के शिक्षकों के अतिरिक्त, दिल्ली और दिल्ली से बाहर के संस्थानों और संगठनों के विशेषज्ञों को भी कार्यक्रमों में व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

कालेज ने उत्तरी क्षेत्र के विभिन्न विश्वविद्यालयों के अकादमिक स्टाफ कालेजों के निदेशकों के लिए सूचना प्रौद्योगिकी (अनुशीलन कार्यक्रम) में एक पायलट कोर्स भी आयोजित किया था। इस कोर्स से प्राप्त अनुभव के आधार पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और कार्यक्रम के अखिल भारतीय समन्वयक को विभिन्न सुझाव भेजे गए हैं।

कालेज में एक वेब पेज भी बनाया गया है जो – http//members.tripod.com/ascjnu – है।

अध्याय–5
छात्र गतिविधियाँ

1. छात्रों की संख्या

विश्वविद्यालय में वर्ष 2003–2004 के दौरान दाखिल और 1.9.2003 को पंजीकृत छात्रों की संख्या निम्न प्रकार से थी –

शैक्षिक वर्ष 2003–2004 के दौरान दाखिल छात्रों की संख्या का (संस्थान / केंद्र–वार) विवरण :

क. एम.फिल. / पी–एच.डी., एम.टेक. / पी–एच.डी., एम.सी.एच. / सीधे पी–एच.डी.

संस्थान / केन्द्र	सामान्य	अ.जा.	अ.ज.जा.	शारी. रूप से विक.	कुल
अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन संस्थान	96	24	16	04	140
सामाजिक विज्ञान संस्थान	134	41	18	04	197
भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान	102	12	04	02	120
जीवन विज्ञान संस्थान	11	02	–	–	13
कंप्यूटर और पद्धति विज्ञान संस्थान	14	03	02	–	19
पर्यावरण विज्ञान संस्थान	16	02	01	01	20
भौतिक विज्ञान संस्थान	05	–	–	–	05
जैव–प्रौद्योगिकी केंद्र	02	01	–	–	03
सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान	10	04	–	01	15
आणविक चिकित्साशास्त्र केन्द्र	03	–	01	02	06
कुल	393	89	42	14	538

ख. एम.ए. / एम.एस–सी. / एम.सी.ए.

संस्थान / केन्द्र	सामान्य	अ.जा.	अ.ज.जा.	शारी. रूप से विक.	कुल
अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन संस्थान	52	11	08	02	73
सामाजिक विज्ञान संस्थान	167	45	37	05	254
भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान	86	08	05	02	101
जीवन विज्ञान संस्थान	09	–	02	–	11
कंप्यूटर और पद्धति विज्ञान संस्थान	24	05	02	01	32
पर्यावरण विज्ञान संस्थान	10	03	02	01	16
भौतिक विज्ञान संस्थान	14	06	–	–	20
कला और सौन्दर्यशास्त्र संस्थान	13	05	02	01	21
संस्कृत अध्ययन केन्द्र	17	–	03	–	20
कुल	392	83	61	12	548

ग. बी.ए. (ऑनर्स)

संस्थान / केन्द्र	सामान्य	अ.जा.	अ.ज.जा.	शारी. रूप से विक.	कुल
भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान	178	37	09	08	232

घ. छात्रों की कुल संख्या एक नजर में

अध्ययन पाठ्यक्रम	सामान्य	अ.जा.	अ.ज.जा.	शारी. रूप से विक.	कुल
एम.फिल. / पी–एच.डी., एम.टेक. / पी–एच.डी., एम.सी.एच. / सीधे पी–एच.डी.	2057	512	52	98	2719
एम.ए. / एम.एस–सी. / एम.सी.ए.	992	294	31	61	1368
बी.ए.	460	101	14	26	601
जैव–सूचना–विज्ञान में स्नातकोत्तर	09	04	01	–	14
कुल	3518	911	98	185	4702

च. पूर्णकालिक अध्ययन पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत विदेशी छात्रों का देश–वार विवरण –

बंगला देश	02	केमरून	01
जापान	09	लिथुआनिया	01
बुलगारिया	01	थाईलैंड	04
वियतनाम	02	ईरान	03
यमन	01	भूटान	01
किरगिस्तान	02	दक्षिण कोरिया	11
फ्रांस	01	यू.एस.ए.	02
कनाडा	01	नेपाल	14
रूस	01	इंडोनेशिया	02
श्रीलंका	05	चीन	03
केन्या	01	युगांडा	01
उजबेकिस्तान	02	कजाकिस्तान	01
मिश्र	01	मंगोलिया	02
मारिशस	01		
	कुल	=	68

छ. अंशकालिक पाठ्यक्रम (भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान)

पाठ्यक्रम	सामान्य	अ.जा.	अ.ज.जा.	शारी. रूप से विक.	कुल
प्रवीणता प्रमाण–पत्र	86	19	06	01	112
प्रवीणता डिप्लोमा	08	03	–	–	11
उच्च प्रवीणता डिप्लोमा	32	–	–	–	32
कुल	**126**	**22**	**06**	**01**	155

II. आवासीय हाल

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, विश्वविद्यालय के 13 छात्रावासों तथा एक विवाहित शोध छात्रावास में छात्रों की संख्या 3720 थी। इनमें अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, शारीरिक रूप से विकलांग और विदेशी छात्र भी शामिल हैं। छात्रावासों में रह रहे छात्र विश्वविद्यालय की कार्य परिषद् द्वारा अनुमोदित छात्रावास नियमावली में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार छात्रावास मेसों के प्रबंधन कार्यों में भाग लेते रहे।

छात्रावास–वार छात्रों की संख्या और समीक्षाधीन अवधि के दौरान छात्रावास पाने वाले छात्रों की संख्या निम्न प्रकार से थी :

छात्रावास का नाम	सीटों की संख्या	1.4.2003 से 31.3.2004 के दौरान छात्रावास पाने वाले छात्रों की संख्या
कावेरी	294	087
पेरियार	306	134
सतलज	294	068
झेलम	280	103
नर्मदा	202	083
गंगा	300	088
गोदावरी	317	140
साबरमती (छात्र)	126	038
साबरमती (छात्राएं)	138	048
ताप्ती (छात्राएं)	168	083
ताप्ती (छात्र)	226	092
ब्रह्मपुत्र	384	082
माही	200	102
मांडवी	200	120
विवाहित शोध छात्र छात्रावास	086	031
यमुना*	199	139
कुल योग	3720	1438

* कामकाजी महिला छात्रावास

छात्र सहायता निधि

1.4.2003 से 31.3.2004 की अवधि के दौरान छात्र सहायता निधि में से जरूरतमंद छात्रों में 1.43.900/– रूपये की राशि वितरित की गई।

III. खेलकूद कार्यालय

फरवरी, 2004 में योग केन्द्र ने अपनी स्थापना के 5 वर्ष पूरे कर लिए हैं। योग केन्द्र की गतिविधियाँ ज.ने.वि. और इसके आस–पास के लोगों में काफी लोकप्रिय हो रही हैं, इसलिए लोग इसके प्रति आकर्षित हो रहे हैं। इसके सदस्यों की संख्या 600 से अधिक हो गई है तथा वि.अ.आ. द्वारा प्रायोजित योजना को विश्वविद्यालय ने अब अपने अधीन ले लिया है।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान योग केंद्र ने कई कोर्स और स्ट्रेस रिलिविंग, मेडिटेशन और कायाकल्प से संबंधित केंप भी आयोजित किए।

वालीवाल टीम उत्तरी क्षेत्र अन्तर–विश्वविद्यालय वालीवाल प्रतियोगिता – 2003–2004 में क्वार्टर फाइनल तक पहुँची। टीम ने जामिया हमदर्द द्वारा आयोजित सुपर लीग प्रतियोगिता भी जीती।

पर्वतारोहण और पदयात्रा क्लब बहुत ही सक्रिय और लोकप्रिय क्लब है। इसने 23 से 31 जनवरी, 2004 तक भारतीय थार मरूस्थल में अपनी वार्षिक मरूस्थल पदयात्रा का आयोजन किया। इस पदयात्रा दल में 10 छात्र थे। इन्होंने खुरी, सुदासिरी डेजर्ट नेशनल पार्क और साम की पदयात्रा की। यह पदयात्रा 9 दिन की थी। इनमें से तीन दिन इन्होंने टीलों पर बिताए। इस दल ने अपनी पदयात्रा का समापन जैसलमेर और जोधपुर के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण करके किया।

क्लब ने नेशनल एडवेंचर फाउंडेशन के माध्यम से शिवपुरी ऋषिकेश में तीन दिवसीय राफ्टिंग यात्रा का भी आयोजन किया। 27 से 29 फरवरी के दौरान 40 छात्रों ने अपने स्नो लियोपार्ड शिविर से 'रिवर रेपिड्स' प्रतियोगिता में भाग लिया।

कमला कुमारी जो कि क्लब की बहुत सक्रिय सदस्य हैं, को वार्षिक समारोह के अवसर पर सम्मानित किया गया। इन्होंने देश में आयोजित होने वाले प्रत्येक पर्वतारोहण कोर्स को उच्च ग्रेड से पूरा किया। ये क्लब के साथ वर्ष 1998 में जुड़ी थीं और आज वे देश की बहुत ही होनहार युवा पर्वतारोही के रूप में जानी जाती हैं। इन्होंने ज.ने.वि. पर्वतारोही क्लब तथा बाहर के क्लबों के दर्जनों कार्यक्रमों में भी भाग लिया। कमला ने अक्टूबर, 2003 में 'निम' के 'एडवेंचर कोर्स' में अनुदेशक के रूप में सहयोग किया है।

जनवरी, 2004 में, कमला इण्डो–नेपाल चुलु–मैसिफ शरतकालीन पदयात्रा की सदस्य थीं। यह पदयात्रा नेपाल में अन्नपूर्णा पहाड़ियों में 21,182 फिट की ऊँचाई की थी। वह सफलतापूर्वक चोटी पर पहुँची। बेहतर प्रदर्शन के लिए इन्हें सम्मानित किया गया।

वर्ष के दौरान अन्य क्लब भी सक्रिय रहे।

25 मार्च, 2004 को वार्षिक खेल पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि द्वारा लगभग 350 पुरस्कार/प्रमाण–पत्र वितरित किए गए। इस वर्ष की मुख्य अतिथि अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त स्काई डाइवर सुश्री रचेल थॉमस थीं।

IV. विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केन्द्र

विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना वर्ष 1973 में छात्रों हेतु एक मेडिकल केयर यूनिट के रूप में हुई थी, लेकिन जल्दी ही इसकी सुविधाएं (परामर्श, जाँच और इलाज) शिक्षकों, स्टाफ सदस्यों और परिसर में रहने वाले अन्य लोगों को मुहैया करवाई जाने लगीं।

इसकी स्थापना से ही स्वास्थ्य केन्द्र का मुख्य उद्देश्य एक ही स्थान पर रोगों की रोकथाम, उपचार और बेहतर स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं मुहैया कराना रहा है।

स्वास्थ्य केन्द्र के बाह्य रोगी विभाग में चिकित्सा सेवाएं पूर्णकालिक और अंश–कालिक चिकित्सा अधिकारियों, पैरामेडिकल और अन्य सहयोगी स्टाफ द्वारा प्रातः 8.00 बजे से दोपहर 2.00 और सायं 4 बजे से 9 बजे (सोमवार से शनिवार तक) तक उपलब्ध कराई गईं। स्वास्थ्य सेवाएं राजपत्रित अवकाशों में भी सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध कराई गई।

वर्ष 2003–2004 के दौरान स्वास्थ्य केन्द्र में प्रातःकालीन/सांयकालीन बा.रो.वि. और होमियो क्लिनिक में 46,625 रोगी इलाज के लिए आए।

31.3.2004 तक, 636 सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने चिकित्सा सुविधाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु स्वास्थ्य केन्द्र में अपना पंजीकरण करवाया। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सभी दवाइयां स्वास्थ्य केन्द्र की फार्मेसी से दी गईं। जो दवाइयां यहाँ उपलब्ध नहीं थीं, वे स्थानीय केमिस्ट से खरीदकर दी गईं।

एम्बुलेंस की व्यवस्था बीमार व्यक्तियों (सभी परिसरवासी, छात्र और जेएनयू के स्टाफ) को अस्पताल छोड़ने के लिए निःशुल्क उपलब्ध कराई गई।

1.4.2003 से 31.3.2004 की अवधि के दौरान दोनों प्रयोगशालाओं में 9282 रोगियों ने परीक्षण करवाए।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान परिसर में चेचक के 35, कनफेड़ा का 1, मलेरिया के 2 हेपेटाइटस के 68 और डेंगू के 18 मामलों को छोड़कर वृहत्तर स्तर पर कोई बीमारी नहीं फैली। स्वास्थ्य केन्द्र भारत सरकार द्वारा चलाए गए पल्स

पोलियो कार्यक्रम में भाग लिया। परिसर में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलिया की दवा की खुराक पिलाई गई।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान स्वास्थ्य केन्द्र ने 1,89,983.00/– रू. की राशि प्राप्त की।

स्वास्थ्य केन्द्र ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान और स्टुडेंट्स फार हारमनी के सहयोग से रक्त दान शिविर का आयोजन किया।

v. सांस्कृतिक गतिविधियां

सांस्कृतिक गतिविधि समिति परिसर में छात्रों के लिए विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियाँ आयोजित करती है। ये गतिविधियां विभिन्न सांस्कृतिक क्लबों – फिल्म, फोटो, ड्रामा, संगीत, यूनेस्को, वाद–विवाद, साहित्यिक, प्रकृति और वन्य जीवन तथा ललित कला – के माध्यम से आयोजित की जाती है।

संगीत क्लब

- संगीत क्लब ने ज.ने.वि. छात्र संघ के सहयोग से 6 दिसम्बर, 2003 को एक संगीतसंध्या का आयोजन किया।
- स्पिक मैके, ज.ने.वि. ने 19.2.2004 को श्रीमती गिरिजा देवी (स्वर) और श्री स्यान अली बंगश (सरोद) के संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया।
- 27 फरवरी, 2004 को एक अन्य कार्यक्रम 'सृजन' का आयोजन किया गया।

फिल्म क्लब

- फिल्म क्लब ने ज.ने.वि. छात्र संघ के सहयोग से 6 दिसम्बर, 2003 को एक फिल्म–शो आयोजित किया।

नाट्य क्लब

- नाट्य क्लब ने 25 अगस्त, 2003 को 'थैंक यू मि. ग्लेड' विषयक नाटक का आयोजन किया।
- बहरूप समूह द्वारा 19 सितम्बर, 2003 को 'बड़ा बन तू बड़ा बन' विषयक अन्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- नाट्य क्लब ने 20 नवम्बर, 2003 को 'अंधे का हाथी' विषयक एक प्रदर्शन/प्रस्तुति कार्यशाला आयोजित की।
- इस क्लब ने 23 फरवरी, 2004 को एक रंगमंच कार्यक्रम का भी आयोजन किया।

वाद–विवाद क्लब

- वाद–विवाद क्लब ने 5 सितम्बर, 2003 को एक परिचर्चा आयोजित की। वाद–विवाद क्लब के सदस्यों ने लाहौर, पाकिस्तान में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लिया।

साहित्यिक क्लब

- साहित्यिक क्लब ने 29 मार्च, 2004 को अनूप त्रिवेदी द्वारा निर्देशित नाटक 'कबीरा खड़ा बाजार में' विषयक नाटक का आयोजन किया।

प्रकृति एवं वन्य–जीव क्लब

- क्लब ने 2 से 8 अक्टूबर, 2003 तक एक सप्ताह के कार्यक्रम का आयोजन किया।

ललित कला क्लब

- ललित कला क्लब ने 6–7 सितम्बर, 2003 को एक 2 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया।
- क्लब ने 16 नवम्बर, 2003 को कार्टून प्रतियोगिता का आयोजन किया।
- भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान के छात्रों द्वारा 'कल्लोल' नामक वार्षिक खेल और सांस्कृतिक समारोह भी आयोजित किया गया।
- एस.एफ.एच. ने 27 सितम्बर, 2003 को 'मधुरिमा' विषयक अखिल भारतीय लोक संगीत एवं नृत्य कार्यक्रम और 15 नवम्बर, 2003 को अन्तर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया।

इप्टा ग्रुप, ज.ने.वि. द्वारा 10 जनवरी, 2004 से 21 जनवरी, 2004 तक अन्तर महाद्वीपीय युवा शिविर और वर्ल्ड सोशल फोरम, मुम्बई में 'मारे जाएंगे' और 'बाइज्जत बरी किया जाता है' विषयक नाटकों का मंचन किया गया। सुश्री कमला कुमारी, शोध छात्रा ने अन्नपूर्णा क्षेत्र, नेपाल में स्थित चुलु मैसिफ की पदयात्रा में भाग लिया। एस.एफ.एच.

द्वारा 17 जनवरी, 2004 को गणतन्त्र दिवस के अवसर पर 'मुशायरा' और 'टैलैण्ट–2004' विषयक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

अन्तर्राष्ट्रीय अध्ययन संस्थान द्वारा 27–28 फरवरी, 2004 को 'सम्मिट' 2004 विषयक सांस्कृतिक और खेल महोत्सव आयोजित किया गया। इप्टा ग्रुप, ज.ने.वि. द्वारा 8 से 10 मार्च, 2004 तक 'कलरव' नामक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

अन्तर्राष्ट्रीय अध्ययन संस्थान और सामाजिक विज्ञान संस्थान के छात्रों एवं शिक्षकों द्वारा 22 से 30 मार्च, 2004 तक एक साहित्यिक और सांस्कृतिक महोत्सव आयोजित किया गया।

विश्वविद्यालय के शिक्षकों, छात्रों और स्टाफ सदस्यों के साथ एस.एफ.एच. द्वारा 29 मार्च, 2004 को विश्वविद्यालय उत्सव 2004 आयोजित किया गया।

VI. राष्ट्रीय सेवा योजना

राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट ने अपनी विभिन्न गतिविधियां आयोजित कीं। इनमें शामिल हैं – एच.आई.वी./एड्स विषयक एक कार्यशाला और एक रक्तदान शिविर। कई शिक्षकों छात्रों और स्टाफ–सदस्यों ने विश्वविद्यालय से बाहर आयोजित संगोष्ठियों/कार्यशालाओं और इसी तरह की गतिविधियों में भाग लिया।

अध्याय–6
कमजोर वर्गों के लिए कल्याणकारी योजनाएं

भारत सरकार द्वारा समय–समय पर जारी मार्गदर्शी सिद्धांतों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए विश्वविद्यालय ने अ.जा./अ.ज.जा. प्रकोष्ठ' नाम से एक विशेष प्रकोष्ठ की स्थापना की है। इस प्रकोष्ठ की स्थापना मार्च, 1984 में हुई थी। यह प्रकोष्ठ मार्गदर्शी सिद्धांतों के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए निगरानी रखता है, मूल्यांकन करता है और इसके अतिरिक्त, भारत सरकार द्वारा जारी उद्देश्यों और लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए उपाय सुझाता है।

भारत सरकार की नीति के अनुसार अ.जा./अ.ज.जा. के लिए मकानों के आबंटन में भी आरक्षण का प्रावधान है। टाइप–I और II के मकानों में 10% मकान अ.जा./अ.ज.जा. के लिए आरक्षित हैं तथा टाइप–III और IV में 5% मकान। टाइप–V और VI के मकानों में अ.जा./अ.ज.जा. को कोई आरक्षण उपलब्ध नहीं है।

प्रत्येक अध्ययन पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु 22.5% सीट आरक्षित हैं। इनमें 15% सीट अ.जा. के लिए और 7.5% सीट अ.ज.जा. के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं। अ.जा./अ.ज.जा. के उम्मीदवार अर्हक परीक्षा में प्राप्त अंकों की प्रतिशतता को ध्यान में रखे बिना ही विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा में बैठने के पात्र हैं। चालू शैक्षणिक सत्र–2003–2004 में विश्वविद्यालय के विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों में 24.27% अ.जा./अ.ज.जा. के छात्रों ने प्रवेश लिया।

छात्रावासों में भी 15% सीट अ.जा. और 7.5% सीट अ.ज.जा. के छात्रों के लिए आरक्षित हैं। यदि किसी एक वर्ग में उम्मीदवार उपलब्ध नहीं होते हैं तो अ.जा./अ.ज.जा. के उम्मीदवारों में दूसरे वर्ग के उपलब्ध उम्मीदवारों को वह सीट दे दी जाती है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के केन्द्रीय प्रायोजित कार्यक्रम के तहत विश्वविद्यालय ने 100–100 कमरों के छात्रावास अ.जा. की छात्राओं और अ.जा. के छात्रों के लिए बनाए हैं। इससे अ.जा. की सभी छात्राओं और छात्रों को छात्रावास सुविधा उपलब्ध हो गई है।

विश्वविद्यालय ने प्रत्येक संस्थान/केन्द्र में अ.जा./अ.ज.जा. सहित समाज के कमजोर वर्गों से आने वाले छात्रों की प्रारंभिक स्कूली शिक्षा की कमी को पूरा करने के लिए अंग्रेजी और कोर कोर्सों में विशेष उपचारात्मक कोर्स चलाना जारी रखा है। प्रत्येक संस्थान/केन्द्र के समन्वयक इस प्रकार के छात्रों का पता लगाते हैं, जिन्हें विशेष उपचारात्मक सहायता की जरूरत होती है।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान विश्वविद्याल ने जेएनयू के विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु प्रवेश–परीक्षा में बैठने वाले अ.जा./अ.ज.जा. और समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के छात्रों के लिए प्रवेश–परीक्षा की तैयारी में सहायता करने हेतु एक विशेष योजना शुरू की है। इस योजना के अन्तर्गत अ.जा./अ.ज.जा. के उम्मीदवारों को जेएनयू की प्रवेश परीक्षा हेतु वित्तीय सहायता सहित मार्गदर्शन, सूचना और सहायता उपलब्ध कराने हेतु एक केन्द्र की स्थापना की गई है। इसके लिए एक शिक्षक सलाहकार भी नियुक्त किया गया है। इस दिशा में, विश्वविद्यालय ने अपने निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप कमजोर वर्गों के छात्रों को प्रवेश देने संबंधी अपनी वचनबद्धता लगभग पूरी की है।

समान अवसर कार्यालय

विश्वविद्यालय ने 'समान अवसर कार्यालय' नामक एक कार्यालय की स्थापना की है। इस प्रकार का कार्यालय भारतीय विश्वविद्यालयों में शायद पहला है। इस कार्यालय के निम्नलिखित उद्देश्य हैं :

- अ.जा./अ.ज.जा./शारीरिक रूप से विकलांग छात्रों के स्नातक, स्नातकोत्तर, एम.फिल./पी–एच.डी. स्तर पर उनके शैक्षणिक स्तर में सुधार के लिए उपचारात्मक कोर्सों सहित उपयुक्त कार्यक्रम/योजनाएं तैयार करना और इन कार्यक्रमों/योजनाओं के कार्यान्वयन पर निगरानी रखना;
- विश्वविद्यालय में दलित छात्रों को सहायता उपलब्ध कराने के लिए वित्तीय और अन्य शैक्षणिक सामग्री हेतु सरकार और अन्य वित्तीय एजेंसियों के साथ सम्पर्क स्थापित करना;

- शैक्षणिक, वित्तीय और अन्य मामलों में जानकारी प्रदान करना और एक सलाह केन्द्र के रूप में कार्य करना;
- विभिन्न सामाजिक पृष्ठभूमियों से आने वाले छात्रों के बीच स्वस्थ और अन्तर्वैयक्तिक संबंध बढ़ाने हेतु अनुकूल सामाजिक वातावरण तैयार करना;
- शैक्षणिक क्रियाकलापों हेतु शिक्षकों और दलित छात्रों के बीच सहायक अन्तर्वैयक्तिक संबंध विकसित करने में सहायता करना;
- यदि कोई भेदभाव की समस्या आती है तो उसको देखना और दलित छात्रों की सहायता करना।

उपचारात्मक शिक्षण : उपचारात्मक शिक्षण योजना के अंतर्गत अंग्रेजी और कोर विषयों में अलग–अलग शिक्षण दिया गया। कार्यालय ने प्रत्येक केन्द्र के अध्यक्ष और संस्थान के डीन से एक समन्वयक नामित करने का अनुरोध किया। समन्वयक इस प्रकार के छात्रों की पहचान करेंगे, जिन्हें उपचारात्मक सहायता की आवश्यकता है और उनके लिए व्यक्तिगत उपचारात्मक सहायता के माध्यम से अतिरिक्त शैक्षणिक सहायता की व्यवस्था करेंगे। इस योजना में शिक्षण सहायता के अन्तर्गत टी.वी., बी.सी.आर., कंप्यूटर, फोटोकापी मशीन और रिकार्डर उपलब्ध कराना भी शामिल है। भाषा विज्ञान और अंग्रेजी केंद्र अंग्रेजी में एक उपचारात्मक कोर्स चला रहा है।

इस कार्यालय ने 'जरूरतमंद व्यक्तियों (विकलांग) के लिए उच्च शिक्षा विषयक वि.अ.आ. द्वारा प्रायोजित परियोजना का कार्य भी अपने हाथ में लिया है। इस परियोजना के निम्नलिखित उद्देश्य हैं :

- उच्च शिक्षा से जुड़े अधिकारियों को विकलांग लोगों की विशेष शैक्षणिक जरूरतों के बारे में अवगत कराना;
- विकलांग व्यक्तियों की कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए संस्थान में सुविधाएं विकसित करना,
- विकलांग लोगों की उच्च शिक्षा में सततता बनाए रखने में सहायता करना;
- विकलांग स्नातकों के लिए उपयुक्त नौकरियों की तलाश करना।

ढलानदार रास्तों का निर्माण – वि.वि. परिसर में विकलांग लोग आसानी से आ–जा सके इसके लिए विश्वविद्यालय ने अपने भवनों में 20 ढलानदार रास्तों का निर्माण किया है। विश्वविद्यालय ने कुछ और ढलानदार रास्ते बनाने की योजना बनाई है ताकि विकलांग लोग परिसर में कहीं भी आसानी से आ–जा सकें।

शैक्षणिक पदों में अ.जा./अ.ज.जा. और शा.रू. से विकलांगों का प्रतिनिधित्व (31.3.2004 के अनुसार)

	कुल पद	अ.जा.	अ.ज.जा.	शा.वि.
प्रोफेसर	187	04	01	–
एसोसिएट प्रोफेसर	122	03	03	–
सहायक प्रोफेसर	90	10	04	02

गैर–शैक्षणिक पदों में अ.जा./अ.ज.जा. और शा.रू. से विकलांगों का प्रतिनिधित्व (1.1.2002 के अनुसार)

ग्रुप	कुल पद	अ.जा.	अ.ज.जा.	शा.वि.
ए	66	14	01	–
बी	166	20	03	–
सी	488	92	11	01
डी	434	118	14	02
सफाई कर्मचारी	123	123	–	–

अध्याय–7
विश्वविद्यालय प्रशासन

विश्वविद्यालय की सर्वोच्च प्राधिकरण जे.एन.यू. कोर्ट की बैठक 8 जनवरी, 2004 को कुलाधिपति डॉ. करण सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसमें विश्वविद्यालय की गतिविधियों पर रिपोर्ट और विश्वविद्यालय का वर्ष 2003–2004 का लेखा–परीक्षित प्राप्ति व व्यय का विवरण तथा तुलन–पत्र प्रस्तुत किया गया। विश्वविद्यालय का योजनेत्तर अनुरक्षण बजट भी प्रस्तुत किया गया।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान विश्वविद्यालय की कार्य परिषद् की 2 बैठकें हुईं। ये बैठकें 30 मई 2003, और 16 अक्टूबर 2003 को हुईं। इन बैठकों में कार्यसूची की अनेक मदों पर विचार–विमर्श किया गया और प्रशासनिक मामलों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

विद्या परिषद की बैठकें 2 मई, 2003 और 24 अक्टूबर, 2003 को हुईं। इनमें कार्य परिषद के समक्ष पेश की जाने वाली मदों सहित अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। वित्त समिति की 17 नवम्बर, 2003 को बैठकें हुईं। इसमें वर्ष 2003–2004 के संशोधित अनुमानों और वर्ष 2004–2005 के विश्वविद्यालय के बजट अनुमानों को अनुमोदित किया गया और कुछ महत्वपूर्ण वित्तीय मामलों पर निर्णय लिए गए।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान शिक्षण और गैर–शिक्षण स्टाफ की नियुक्तियों के लिए चयन समितियों की कई बैठकें आयोजित हुईं। समीक्षाधीन अवधि के दौरान 41 शिक्षक नियुक्त किए गए। इनमें 07 प्रोफेसर, 09 एसोसिएट प्रोफेसर और 25 सहायक प्रोफेसर शामिल हैं। इनके अतिरिक्त, विभिन्न कैडरों में 28 गैर–शिक्षण स्टाफ की नियुक्तियाँ भी की गईं।

29 शिक्षकों को आवधिक/असाधारण अवकाश/अध्ययन अवकाश मंजूर किए गए या उनके अवकाश में वृद्धि की गई। शिक्षकों ने अपना शोध कार्य पूरा करने/अन्य संस्थानों में नियुक्तियों/अध्येतावृत्तियाँ प्राप्त करने जैसे प्रयोजनों के लिए अवकाश लिया था। समीक्षाधीन अवधि के दौरान 06 शिक्षकों को पुनः नियुक्त किया गया या उनकी पुनः नियुक्ति की अवधि में विस्तार किया गया। इस अवधि के दौरान, कुल 12 शिक्षक विश्वविद्यालय की सेवा से सेवा–निवृत्त हुए।

सम्पदा शाखा

समीक्षाधीन अवधि के दौरान मकान आबंटन समिति की 03 और परिसर विकास समिति की 07 बैठकें हुईं।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान नए मकान नहीं बनाए गए तथा मकान आबंटन समिति द्वारा खाली पड़े कई मकान शिक्षकों और अन्य स्टाफ सदस्यों को आबंटित किए गए। समीक्षाधीन अवधि के दौरान सम्पदा शाखा द्वारा निम्नलिखित भवनों का कब्जा लिया गया :

1. अकादमिक स्टाफ कालेज
2. विज्ञान केन्द्र (जवाहरलाल नेहरू उच्च अध्ययन संस्थान)
3. पोस्ट–डाक्टरल शोध छात्रों के लिए छात्रावास
4. ट्रांजिट हाउस, फेज–III

सम्पदा शाखा के अधीन उद्यान विभाग ने एक विशेष अभियान के माध्यम से अनेक पौधे लगाए और शैक्षिक और प्रशासनिक भवनों के आस–पास हरियाली को बनाए रखने के लिए पेड़–पौधे लगाए।

सम्पदा शाखा ने जीवन विज्ञान संस्थान में साफ–सफाई का कार्य ठेके पर दिया। पुस्तकालय और कुछ छात्रावासों में पहले से ही साफ सफाई का कार्य ठेके पर करवाया जा रहा है। समीक्षाधीन अवधि के दौरान सम्पदा शाखा ने विश्वविद्यालय के पात्र स्टाफ सदस्यों को वर्दियां वितरित कीं। कुछ संस्थानों/विशेष केन्द्रों/अन्य विभागों में प्रत्यक्ष सत्यापन का कार्य किया गया तथा अन्य विभागों में यह कार्य शीघ्र ही पूरा कर लिया जाएगा।

परिसर विकास

समीक्षाधीन अवधि के दौरान विश्वविद्यालय ने अन्य विकास कार्यों के साथ–साथ छात्रावासों, ट्रांजिट हाउस और पोस्ट डॉक्टरल फेलो छात्रावास का निर्माण कार्य किया। अकादमिक स्टाफ कालेज के भवन का कब्जा ले लिया है तथा

इसे प्रयोग में लाया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2004–05 के दौरान पाँच नए भवनों – भौतिक विज्ञान संस्थान, जैव–प्रौद्योगिकी केन्द्र, अभिलेखागार केन्द्र, संस्कृत केन्द्र में अतिरिक्त फ्लोर और भाषा प्रयोगशाला – में नए निर्माण कार्य शुरू होने की संभावना है। वित्तीय वर्ष 2004–05 में 7 लाख लीटर क्षमता का एक ओवरहेड टैंक स्थापित करने का कार्य भी शुरू करने की योजना है।

जन–सम्पर्क कार्यालय

विश्वविद्यालय के जन–सम्पर्क कार्यालय ने विभिन्न गतिविधियों से संबंधित अनेक प्रेस विज्ञप्तियाँ जारी कीं। समाचारों में जे.एन.यू. से संबंधित प्रकाशित रिपोर्ट और शिकायतों से संबंधित प्रेस कतरने प्रशासन की जानकारी हेतु भेजीं तथा आवश्यकतानुसार उचित स्पष्टीकरण/उत्तर–प्रत्युत्तर जारी किए। जन–सम्पर्क कार्यालय ने जन–साधारण को शैक्षिक तथा प्रशासनिक मामलों से संबंधित जानकारी उपलब्ध करायी तथा विश्वविद्यालय में आए महत्वपूर्ण अतिथियों तथा शिष्ट मण्डलों का स्वागत किया। विश्वविद्यालय की कार्य प्रणाली से संबंधित विभिन्न प्रकार की जानकारी के लिए लिखित रूप से पूछताछ करने वालों को भी उत्तर भेजे।

जन–सम्पर्क अधिकारी ने विश्वविद्यालय की द्विमासिक पत्रिका 'जे.एन.यू. न्यूज' का प्रकाशन भी जारी रखा। इन्होंने इसका सम्पादन और प्रकाशन विश्वविद्यालय की ओर से किया। यह पत्रिका सूचनाओं की कमी को पूरा करती है तथा विश्वविद्यालय के विभिन्न घटकों एवं शेष शैक्षिक विश्व समुदाय के मध्य सीधा संवाद स्थापित करती है। जन–सम्पर्क अधिकारी कार्यालय द्वारा विश्वविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट को भी हिन्दी और अंग्रेजी में तैयार करके प्रकाशित किया गया।

अतिथि गृह

जे.एन.यू. के तीन अतिथि गृहों – अरावली, अरावली इंटरनेशनल और गोमती में समीक्षाधीन वर्ष के दौरान 4200 से अधिक अतिथियों को कमरे उपलब्ध कराए गए। इन अतिथियों में शोध सामग्री या अन्य शैक्षिक उद्देश्यों के लिए देश–विदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों/शिक्षा संस्थानों से दिल्ली आए शिक्षक तथा शोध छात्र शामिल हैं। विश्वविद्यालय के सरकारी अतिथियों, शिक्षकों तथा स्टाफ के अतिथियों, छात्रों के माता–पिताओं और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अतिथियों को भी अल्पकालिक अवधि के लिए आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं।

हिन्दी एकक

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान हिंदी एकक ने विश्वविद्यालय के कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए, जिनमें 9 स्टाफ सदस्यों और 4 अधिकारियों ने भाग लिया।

यूनिट ने समीक्षाधीन अवधि के दौरान, वार्षिक रिपोर्ट, वार्षिक लेखे, लेखा–परीक्षा रिपोर्ट, प्रवेश सूचनाओं, भर्ती के लिए विज्ञापनों, अधिसूचनाओं/परिपत्रों, प्रेस विज्ञप्तियों आदि से संबंधित अनुवाद का कार्य भी किया।

मुख्य कुलानुशासक कार्यालय

विश्वविद्यालय में मुख्य कुलानुशासक कार्यालय की स्थापना वर्ष 1986 में हुई थी। इस समय एक मुख्य कुलानुशासक और दो कुलानुशासक (इनमें से एक महिला कुलानुशासक है) हैं। मुख्य कुलानुशासक का कार्यालय विश्वविद्यालय के छात्रों में अनुशासन बनाए रखने के लिए उत्तरदायी है। यह कार्यालय परिसर में शांति और सौहार्द्र बनाए रखने का कार्य करता है तथा यह दण्डात्मक उपायों की बजाय सुधारात्मक उपायों में अधिक विश्वास रखता है। फिर भी, अनुशासनात्मक नियमों का उल्लंघन करने वाले छात्रों के विरुद्ध उचित अनुशासनिक कार्रवाई की जाती है।

अध्याय–8

विश्वविद्यालय वित्त

I. लेखा और लेखा–परीक्षा पद्धति

विश्वविद्यालय के लेखे पांच भागों में रखे जाते हैं :

1. अनुरक्षण (योजनेतर) खाता : यह खाता विश्वविद्यालय के राजस्व, प्राप्तियों और अनुरक्षण खर्च से सम्बन्धित है।

2. विकास (योजना) खाता : इस खाते में विश्वविद्यालय के विकास से संबंधित लेन–देन का खाता रखा जाता है, जिसकी पूर्ति पंच–वर्षीय योजना के आबंटन से की जाती है।

3. उद्दिष्ट (विशेष) निधि खाता : इस खाते में केन्द्र सरकार के विभिन्न विभागों, यू.जी.सी., सी.एस.आई.आर. और आई.सी.एस.एस.आर., आदि द्वारा वित्त–पोषित विशेष शोध परियोजनाओं, सम्मेलनों और अन्य विशिष्ट प्रयोजनों आदि से संबंधित लेखा–जोखा रखा जाता है।

4. ऋण, जमा आदि खाता : इस खाते में भविष्य निधि और अन्य जमाओं से संबंधित प्राप्तियों और अदायगियों का हिसाब रखा जाता है।

5. अध्येतावृत्ति खाता : इस खाते में "एट एनी वन गिविन टाइम बेसिस" योजना के अन्तर्गत शोध अध्येतावृत्तियों से संबंधित प्राप्तियों और अदायगियों का लेखा–जोखा रखा जाता है।

विश्वविद्यालय का वित्तीय वर्ष भारत सरकार के अनुरूप यानी 1 अप्रैल से अगले वर्ष की 31 मार्च तक होता है। विश्वविद्यालय के लेखों की वार्षिक लेखा–परीक्षा भारत के नियन्त्रक और महालेखा–परीक्षक की ओर से लेखा–परीक्षा निदेशक, केन्द्रीय राजस्व द्वारा की जाती है। भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार विश्वविद्यालय के परीक्षित लेखे अगले वर्ष की 31 दिसम्बर तक सदन के पटल पर रखे जाने अपेक्षित होते हैं। विश्वविद्यालय के वर्ष 2001–2002 के परीक्षित लेखे (हिन्दी और अंग्रेजी में) लोकसभा के पटल पर 13 अगस्त, 2003 और राज्यसभा के पटल पर 22 अगस्त 2003 को रखे गए।

विश्वविद्यालय के वर्ष 2002–2003 के वार्षिक लेखे डी.जी.ए.सी.आर. को पहले ही भेज दिए गए हैं। वर्ष 2002–2003 के वार्षिक लेखों की लेखा–परीक्षा डी.जी.ए.सी.आर. द्वारा 9 सितम्बर 2003 से 9 दिसम्बर 2003 तक की गई।

II. बजट

विश्वविद्यालय के वर्ष 2004–2005 के बजट आकलन और 2003–2004 के संशोधित आकलन 17 नवम्बर, 2003 को वित्त समिति द्वारा अनुमोदित किए गए थे।

वर्ष 2003–2004 के संक्षिप्त बजट आकलन, संशोधित आकलन और प्राप्ति तथा व्यय के वास्तविक आंकड़े तालिका–1 और 2 में दिए गए हैं :

तालिका–1
(प्राप्तियाँ)

	लेखा शीर्ष	बजट आकलन 2003–2004	संशोधित आकलन 2003–2004	वास्तविक 2003–2004
		(रू. लाखों में)		
1.	अनुरक्षण (योजनेतर) खाता	7110.81	7933.68	6180.16
2.	विकास (योजना) खाता	598.18	603.68	1344.05
3.	उद्दिष्ट (विशेष) निधि खाता	1201.20	1392.55	1401.58
4.	ऋण, जमा आदि खाता	2301.70	2456.70	3657.96
5.	अध्येतावृत्ति खाता	499.39	681.42	314.16

तालिका–2
(व्यय)

	लेखा शीर्ष	बजट आकलन 2003–2004	संशोधित आकलन 2003–2004	वास्तविक 2003–2004
			(रूपये लाखों में)	
1.	अनुरक्षण (योजनेतर) खाता	7110.81	7933.68	6056.55
2.	विकास (योजना) खाता	598.18	603.68	1057.06
3.	उद्दिष्ट (विशेष) निधि खाता	833.75	1059.80	1191.05
4.	ऋण, जमा आदि खाता	2492.41	2877.14	3372.96
5.	अध्येतावृत्ति खाता	499.39	681.42	379.41

II. भाग–I – अनुरक्षण (योजनेतर) व्यय/बजट/संशोधित आकलन/वास्तविक

वर्ष 2003–2004 के लिए अनुरक्षण, व्यय और बजट का संक्षिप्त विवरण :

वास्तविक 2002–2003	लेखा शीर्ष	बजट आकलन 2003–2004	संशोधित आकलन 2003–2004	वास्तविक 2003–2004
		(रूपये लाखों में)		
460.40	प्रशासन	609.65	488.40	544.62
923.75	सामान्य सेवाएं और सामान्य प्रभार	1261.50	2494.14	850.11
1884.03	शैक्षिक कार्यक्रम	2429.23	2087.31	1906.99
14.66	परीक्षाएं	23.80	21.25	18.76
357.55	पुस्तकालय	455.67	402.59	352.81
90.81	छात्र सुविधाएं	103.72	103.98	109.19
30.32	छात्रवृत्तियाँ	30.00	32.00	29.93
231.21	छात्रों के छात्रावास	265.53	247.09	252.07
13.91	प्रकाशन	18.61	16.53	9.91
704.85	अन्य विभाग	920.65	962.89	723.96
359.54	विविध	329.45	403.50	421.73
728.33	भविष्य निधि और पेंशन	553.00	584.00	695.40
188.61	गैर शिक्षण स्टाफ को पांचवे वेतन आयोग के एरियर का भुगतान	–	–	141.07
@	मंहगाई भत्ते की घोषणा	80.00	90.00	@
@	संकाय सदस्यों द्वारा पी.एच.डी. डिग्री प्राप्त करने पर उन्हें दो अग्रिम वेतनवृद्धियाँ देने के लिए एरियर का भुगतान	30.00	–	@
5987.87	कुल	7110.81	7933.68	6056.55

@ वर्ष 2002–2003 और 2003–2004 के वास्तविक सम्बन्धित लेखा–शीर्ष में शामिल हैं।

III. विकास (योजना) व्यय

वर्ष 2003–2004 के विकास खर्च की मुख्य मदें नीचे दी गई हैं :

(रूपये लाखों में)

(क)	राजस्व (आवर्ती व्यय)		269.38
(ख)	विश्वविद्यालय कैम्पस का निर्माण –		
1)	संस्थान भवन	131.00	
2)	आवासीय भवन	420.95	
3)	विविध भवन	–	
4)	बाह्य सेवाएँ	1.46	553.41

(ग) अन्य पूंजीगत व्यय –

1)	उपकरण	130.49	
2)	पुस्तकालय पुस्तकें और पत्रिकाएं	103.78	
3)	फर्नीचर	–	234.27
	कुल व्यय		**1057.06**

परियोजनाएं

विभिन्न भारतीय और विदेशी एजेंसियों द्वारा वित्तपोषित परियोजनाओं के सम्बन्ध में प्राप्तियां और अदायगियां (2003-2004)

क्र.सं.	वित्त–पोषक एजेंसी का नाम	परियोजनाओं की संख्या	प्राप्तियाँ	व्यय (रूपयों में)
1	विश्वविद्यालय अनुदान आयोग	17	7137689	5781596
2	विदेशी एजेंसियां	36	16934498	12283142
3	वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद्	24	7208553	4962926
4	भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद्	3	2152712	1428968
5	भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद्	8	5063978	5529811
6	अन्तर–विश्वविद्यालय संकाय (आई.यू.सी.)	1	124000	120785
7	राष्ट्रीय भौतिकी प्रयोगशाला	1	1,00,000	4000
8	भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद्	2	148250	113477
9	केंद्रीय प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड	1	12519	80927
10	आई.सी.ए.आर.	1	878465	9500
11	डाबर रिसर्च फाउंडेशन	1	1064880	446076
12	बायो इंटरनेशनल लिमिटेड	1	184000	–
13	एच.पी. (प्रा.) लिमिटेड	1	566000	236416
14	इंडो बायो–एक्टिव प्रा.लि.	1	100000	77132
15	भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद्	1	299551	116719
16	दिल्ली सरकार	1	135720	62286
17	बिनरॉक नेटकाम	1	378626	351477
18	राष्ट्रीय कृषि प्रौद्योगिकी परियोजना	1	923120	1107399
19	ऊर्जा वित्त निगम	1	117150	100000
20	अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्	1	–	1515111
21	वैज्ञानिक और प्रौद्योगिकी परामर्श परियोजना	–	–	80927
22	टाटा शिक्षा ट्रस्ट	1	–	541689
23	पांडिचेरी सरकार	1	–	102791
24	श्री वेंकटेश्वर कॉलेज	1	–	35000
25	नवीकरण और विकास सोसायटी	1	–	63514
26	राजस्थान राज्य खान एवं खनिज निगम लिमिटेड	1	–	25681
27	भारत सरकार और अन्य परियोजना	73	34751318	38391313
	योग	**183**	**78281029**	**73568663**

अध्याय–9
पाठ्येतर गतिविधियाँ

यौन उत्पीड़न के विरूद्ध जेंडर संवेदनशीलन समिति

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की 16 अप्रैल 1999 की अधिसूचना के अनुसार यौन उत्पीड़न के विरुद्ध जेंडर संवेदनशीलन समिति की स्थापना की गई। समिति के नियमों एवं कार्यप्रणाली को सिद्धान्त रूप से सितम्बर 2001 में स्वीकृति प्रदान की गई। फरवरी 2002 में डॉ. रूप मंजरी घोष की अध्यक्षता में गठित समिति ने विश्वविद्यालय के वकीलों से विचार–विमर्श करके 'जीएसकैश' के नियमों एवं कार्यप्रणाली से सम्बन्धित एक ड्राफ्ट रिपोर्ट विश्वविद्यालय को प्रस्तुत की। प्रो. अशोक माथुर की अध्यक्षता में एक 2–सदस्यीय समिति ने 'जीएसकैश' के नियमों एवं कार्यप्रणाली को अन्तिम रूप देने के बाद इन्हें 30 मई 2003 को विश्वविद्यालय की कार्य–परिषद को प्रस्तुत कर दिया। कार्य–परिषद् ने कुछ उपयुक्त संसोधनों के साथ इसे स्वीकार कर लिया।

अप्रैल 2003 से मार्च 2004 के दौरान समिति की गतिविधिया

- जुलाई–अगस्त 2003 के दौरान यौन उत्पीड़न के बारे में नए छात्रों को सचेत और संवेदन बनाने के लिए ब्रोचर बांटे गए।
- कई व्याख्यान और कार्यशालाएं आयोजित की गईं।
- समिति को कुछ शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनकी जांच की गई और दोषियों को उपयुक्त दण्ड दिए गए।

पूर्व छात्रों की गतिविधियां

विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों के साथ सम्पर्क : विश्वविद्यालय ने कुलपति की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों के साथ सम्पर्क और अन्तर्राष्ट्रीय संबंधों के लिए स्थायी समिति का गठन किया है। इस समय मनमोहन अग्रवाल, रूपमंजरी घोष और प्रवीण झा शिक्षक सलाहकार हैं। समिति का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय और विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों तथा अन्य संबंधितों के साथ घनिष्ठ संबंध स्थापित करना है। जेएनयू अपने पूर्व छात्रों को महत्वपूर्ण स्टेकहोल्डर के रूप में मान्यता देता है ताकि जेएनयू लगातार अच्छी शिक्षा प्रदान कर सके। जेएनयू अपने पूर्व छात्रों, जोकि विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ हैं, से 21वीं शताब्दी की शुरूआत में अपनी योजना संबंधी दिशा–निर्देश तैयार करने के लिए सहायता प्राप्त कर सकती है, इससे जेएनयू को बहुत लाभ मिलेगा। जेएनयू के पूर्व छात्र सामुदायिक सेवा के लिए अवसर प्रदान कर सकते हैं और इसके लिए गुडविल एम्बेसेडर के रूप में कार्य, प्रभावशाली संभाषी के रूप में सेवा, सलाह और सहायता, शोध के सीमांत क्षेत्रों पर सुझाव, कैरियर सलाह और वित्तीय सहायता भी उपलब्ध करा सकते हैं। शोध और परियोजनाओं में शैक्षिक और तकनीकी सहयोग भी किया जा सकता है। समिति पूर्व छात्रों को शामिल करने तथा उनकी उपलब्धियों और योगदानों का सम्मान करने की संस्कृति का निर्माण और विकास करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। यह समिति सार्थक विचार विनिमय के लिए जेएनयू के पुराने छात्रों से सम्पर्क करके उन्हें इस कार्य में शामिल करने के लिए विश्वविद्यालय कार्यालय तथा केन्द्रीय नेतृत्व संगठन के रूप में कार्य करेगी। यह समिति देश–विदेश में कार्यरत पुराने छात्रों से सम्पर्क स्थापित करने में सहायक सिद्ध होगी। इस संबंध में समिति ने एक कार्य योजना तैयार की है, जिसे शीघ्र ही लागू किया जाएगा।

जवाहरलाल नेहरू उच्च अध्ययन संस्थान : जेएनयू के शैक्षिक कार्य में शोध एक आवश्यक अंग बन गया है। जेएनयू का हमेशा इस क्षेत्र में संगत और उच्च स्तरीय शोध कार्य करने का प्रयास रहा है। विश्वविद्यालय ने शोधार्थियों को शोध कार्य करने के लिए पुस्तकालय और प्रयोगशाला आदि जैसी आवश्यक आधारभूत सुविधाएं मुहैया कराने का प्रयास किया है। इसी तरह जेएनयू ने पूरे विश्व से आने वाले शिक्षकों व शोधार्थियों के लिए सी.एस.आई.आर. के सहयोग से सी.एस.आई.आर./जेएनयू साइंस सेंटर नाम से आवास सुविधा उपलब्ध करायी है। बाद में इस केन्द्र का नाम

जवाहरलाल नेहरू उच्च अध्ययन संस्थान रखा गया। संस्थान पूरे विश्व के शोधार्थियों के लिए उनकी राष्ट्रीयता, लिंग व अन्य किसी भेदभाव के बिना योजना और कुछ नवीन शोध कार्य करने के लिए खुला है। इसके चयन के लिए केवल शोधार्थी का उत्कृष्ट शोध और उच्च शैक्षिक उपलब्धियां ही एकमात्र मापदण्ड हैं।

इसके लिए कुलदेशिक प्रो. राजीव कृष्ण सक्सेना की अध्यक्षता में एक प्रबंधन समिति का गठन किया गया है और कुलदेशिक प्रो. बलवीर अरोड़ा इसके निदेशक बनाए गए हैं।

अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग

भारत सरकार और विभिन्न विदेशी सरकारों के बीच विद्यमान सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रमों के अलावा विश्वविद्यालय को विदेशी विश्वविद्यालयों/संस्थानों से शैक्षिक संबंध स्थापित करने, विनिमय कार्यक्रमों, द्विपक्षीय समझौतों के साथ-साथ सहयोगात्मक कार्यों में शामिल होने के लिए प्रस्ताव-पत्र प्राप्त हो रहे हैं। विश्वविद्यालय भी सुप्रसिद्ध विदेशी विश्वविद्यालयों/संस्थानों के साथ शैक्षिक सहयोग के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। कई विदेशी विश्वविद्यालयों/संस्थानों के साथ शैक्षिक सहयोग का प्रस्ताव विचाराधीन है और अंतिम चरण में है। 56 विश्वविद्यालयों/संस्थानों के साथ एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किए हैं।

एम.ओ.यू. के तहत सहयोग के क्षेत्र सामान्यतः निम्नलिखित हैं और ये सभी गतिविधियां निधि की उपलब्धता पर निर्भर होंगी (क) शिक्षकों का आदान-प्रदान, (ख) छात्रों का आदान-प्रदान, (ग) संयुक्त शोध गतिविधियां, (घ) संगोष्ठियाँ और शैक्षिक बैठकों में प्रतिभागिता, (च) शैक्षिक सामग्री और अन्य सूचनाओं का आदान-प्रदान, (छ) विशेष अल्पकालिक शैक्षिक कार्यक्रम, (ज) प्रशासनिक प्रबन्धक/समन्वयकों का आदान-प्रदान, (झ) संयुक्त सांस्कृतिक कार्यक्रम।

इस एम.ओ.यू. की शर्तों के अधीन कार्यान्वित प्रत्येक विशेष कार्यक्रम और गतिविधि के लिए आपसी सहयोग और आवश्यक बजट की शर्तों पर आपस में चर्चा हुई तथा दोनों पक्षों विशेष कार्यक्रम अथवा गतिविधि की शुरूआत के पहले लिखित में यह सहमति हो गई है कि इस प्रकार के कार्यक्रमों पर बातचीत वार्षिक आधार पर की जाएगी।

दो विश्वविद्यालयों के बीच में परस्पर सहयोग के क्षेत्र आपसी सहमति के आधार पर निश्चित किए जाएंगे। प्रत्येक विश्वविद्यालय द्वारा सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। यह सहायता दोनों संस्थानों के लिए लाभदायक शिक्षण, शोध, शिक्षकों, छात्रों और स्टाफ सदस्यों आदि के आदान-प्रदान के रूप में होगी। सहयोग अध्ययन के क्षेत्रों पर केन्द्रित होगा, जिसका निर्णय आपसी आधार पर किया जाएगा। सभी वित्तीय प्रबन्धों पर बातचीत की जाएगी और यह निधि की उपलब्धता पर निर्भर होगी।

अध्याय– 10
केन्द्रीय सुविधाएं

1. विश्वविद्यालय पुस्तकालय

जेएनयू पुस्तकालय एक अति आधुनिक और सुसज्जित विश्वविद्यालय पुस्तकालय है। यह 9 मंजिला टावरनुमा भवन विश्वविद्यालय के शैक्षिक परिसर के बीचों बीच स्थित है तथा विश्वविद्यालय की सभी शैक्षिक गतिविधियों का केन्द्र है। इसके सभी अध्ययन कक्ष वातानुकूलित हैं। पुस्तकालय के अधिकतर कार्यों का कंप्यूटरीकरण हो गया है तथा बचे हुए कार्यों का कंप्यूटरीकरण हो रहा है। पुस्तकालय वर्ष भर प्रातः 9.00 बजे से शाम 8.00 बजे तक खुला रहता है तथा परीक्षा के दिनों में यह प्रत्येक सत्र में 45 दिन के लिए मध्य रात्रि के 12.00 बजे तक खुला रहता है। तथापि, पठन कक्ष की सुविधाएं वर्ष भर मध्य रात्रि के 12.00 बजे तक उपलब्ध रहती हैं।

विश्वविद्यालय के नेत्रहीन छात्रों की विशेष जरूरतों को देखते हुए पुस्तकालय के प्रवेशद्वार के निकट हेलन केलर के नाम पर एक विशेष इकाई स्थापित की गई है। पुस्तकालय के भू–तल में ओपेक और इंटरनेट पर पढ़ने हेतु छात्रों के प्रयोग के लिए आठ कंप्यूटर लगाए गए हैं।

पाठकों के लिए सेवाएं

कुल मिलाकर 8801 छात्र, संकाय सदस्य और देश–विदेश के विश्वविद्यालयों/संस्थानों के विद्वानों ने समीक्षाधीन अवधि के दौरान पुस्तकालय सुविधाओं का लाभ उठाया।

स्रोत सामग्री का आदान–प्रदान

हमारा पुस्तकालय 'डेलनेट', 'इनफिलिबनेट' और इसी तरह के अन्य नेटवर्क का सदस्य बन गया है, ताकि सदस्य अन्य पुस्तकालयों की स्रोत सामग्री का आसानी से उपयोग कर सकें। पुस्तकालय सदस्यों को अंतर विश्वविद्यालय उधार सेवाएं भी उपलब्ध कराता है।

पुस्तकालय सहयोग : जेएनयू पुस्तकालय ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान पुस्तकालय, नई दिल्ली के साथ एक सहयोगात्मक प्रबन्ध किया है। इसके अन्तर्गत दोनों संस्थानों के पुस्तकालय एक दूसरे की पुस्तकों/पत्रिकाओं आदि का लाभ उठा सकेंगे। समीक्षाधीन अवधि के दौरान दोनों संस्थानों के बीच इस तरह का सहयोग जारी रहा।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान पुस्तकालय ने लगभग 6320 पुस्तकें प्राप्त कीं। इनमें से 3173 पुस्तकें सुप्रसिद्ध विद्वानों और संगठनों से उपहार स्वरूप प्राप्त हुईं। समीक्षाधीन वर्ष के अन्त में पुस्तकालय में कुल संग्रह 5,13,988 था। पुस्तकों की खरीद पर रू. 39,99,927.73 की राशि खर्च हुई और पत्रिकाओं पर रू. 1,93,84,859.96 खर्च किए गए।

पुस्तकालय ने 793 पत्रिकाएं मंगाई और 148 पत्रिकाएं उपहार स्वरूप प्राप्त हुईं।

पुस्तकालय ने नेत्रहीन छात्रों के लिए हेलन केलर नाम से एक अलग इकाई स्थापित की है। इस इकाई में कुर्जवेल, जॉज, एम.एस. होम पेज रीडर और डक्सबरी ब्रेल ट्रांसलेटर आदि जैसे विशेष साफ्टवेयर प्रयोग में लाए जा रहे हैं। इस इकाई को स्पीच साफ्टवेयर, इंटरनेट, स्केनर और ओपेक सुविधाओं सहित चार कंप्यूटर उपलब्ध कराए गए हैं। पुस्तकालय ने नेत्रहीन छात्रों के उपयोग हेतु टेप रिकार्डर और खाली कैसेट भी उपलब्ध कराना जारी रखा।

एक्जिम बैंक – ज.ने.वि. का अर्थशास्त्र पुस्तकालय

